मौसम
तापमान
दिन 30.0 अधिकतम
रात 24.6 न्यूनतम
पूर्वानुमान
कोटा, अजमेर, उदयपुर और जोधपुर संभागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

जागो इंडिया जागो

सच ■ साहस ■ संकल्प से...

Digital Edition



दिव्या खोसला को...
पेज 11

वर्ष : 02 ■ अंक : 109 | jagoindiajago.news | जयपुर, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024 | 02 राज्य ■ 02 संस्करण | पृष्ठ: 12 ■ मूल्य: 3.00

ब्रीफ खबरें

जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद मुफ्त बांटेगी ओडिशा सरकार



भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार पुरी जगन्नाथ मंदिर में भक्तों को प्रसाद मुफ्त बांटने की योजना बना रही है। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचरण ने बताया कि यह योजना जल्द ही लागू की जाएगी। इस योजना के तहत हर साल सरकार पर 15 करोड़ रुपए तक का अतिरिक्त खर्चा आएगा। हरिचरण ने बताया कि हम कुछ ऐसे भक्तों को इस योजना से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं। कुछ भक्तों ने इस योजना में सहयोग देने की स्वीकृति दी है।

जम्मू-कश्मीर के चिनाब घाटी में भूकंप के झटके

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा स्थित चिनाब घाटी में रविवार सुबह 6.14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र डोडा जिले के गुंडोह इलाके में था। पिछले कुछ सालों से चिनाब घाटी में लगातार भूकंप आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी हल्की तीव्रता वाले भूकंपों से दबाव निकलता है और किसी बड़े भूकंप की आशंका कम हो जाती है।

मस्क के स्टारशिप का 5वां टेस्ट भी रहा कामयाब



टैक्सास। दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब रहा। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430 डिग्री तक पहुंच गया था। स्टारशिप को रविवार को शाम 5:55 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया।

केजरीवाल बोले- जम्मू-कश्मीर को भी दिल्ली की तरह आधा राज्य बनाया

@ पेज 12

कार्टून कोना



भाजपा कोर कमेटी की बैठक में उपचुनाव के लिए रणनीति पर हुई चर्चा

बीजेपी प्रत्याशियों के पैनल पर लगी मुहर, सात सीटों पर तीन-तीन नाम हो गए फाइनल

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निवास पर रविवार को भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें सात विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में कमेटी ने संभावित प्रत्याशियों के नामों पर भी चर्चा की, जिसे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ दिल्ली में होने वाली बैठक में रखा जाएगा। अंतिम मुहर बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व ही लगाएगा।

बताया जा रहा है कि प्रदेश बीजेपी ने 7 विधानसभा सीटों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तैयार किया है। प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में नामों के पैनल पर चर्चा करने के बाद उन्हें फाइनल कर लिया गया। बैठक में तय किया गया कि चुनावों को लेकर जो भी नाम फाइनल किया जाएगा, वो सामूहिक सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में चुनावी तैयारी के साथ-साथ सरकार के 10 महीनों के कामकाज के साथ जनता के बीच जाना तय हुआ। बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बैठक में शामिल नहीं हुईं। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और भाजपा के हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया वीसी के जरिए शामिल हुए।



माइक्रो मैनेजमेंट के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी पार्टी

बैठक में प्रत्याशी चयन से लेकर चुनाव प्रचार सहित अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई। सातों सीटों पर माइक्रो मैनेजमेंट के साथ पार्टी चुनावी मैदान में उतरेगी। चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय नेताओं और प्रदेश के नेताओं के दौरों को लेकर भी चर्चा हुई। यह भी बताया जा रहा है कि राजस्थान सरकार उप चुनावों से पहले ईआरसीपी-पीकेसी योजना के पहले फेज का शिलान्यास पीएम मोदी से कराने की तैयारी कर रही है। ऐसा करके सरकार पूर्वी राजस्थान सहित अन्य सीटों को भी साधना चाहती है।

इन 7 सीटों पर होने हैं उपचुनाव

दरअसल, प्रदेश में 7 सीटों पर उपचुनाव होने है। इनमें झुंझुनूं, दौसा, देवली-उनियारा, चौरासी, खींवसर, सलूंबर और रामगढ़ सीटें शामिल हैं। इन 7 सीटों में एक ही सीट बीजेपी के पास थी। झुंझुनूं, दौसा, देवली-उनियारा, चौरासी, खींवसर सीटें विधायकों के लोकसभा चुनाव जीतने के कारण खाली हुई थी। इन 5 सीटों में 3 कांग्रेस, एक आरएलपी और एक बीएपी के पास थी। झुंझुनूं से बृजेंद्र ओला, देवली-उनियारा से हरीश मीणा, दौसा से मुरारीलाल मीणा कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। वहीं चौरासी से बीएपी नेता राजकुमार रोत और खींवसर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल विधानसभा चुनाव जीते थे। सभी अब सांसद बन चुके हैं। वहीं सूलंबर सीट बीजेपी विधायक अमृतलाल मीणा के निधन और रामगढ़ सीट कांग्रेस विधायक जुबेर खाने के इंतकाल के चलते खाली हुई है। ऐसे में अब प्रदेश में 7 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं। प्रदेश में भाजपा के 114, कांग्रेस के 65, निर्दलीय 8, बीएपी के तीन, बसपा के दो और रालोद का एक विधायक है।

कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा: राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा इस उपचुनाव में शानदार जीत हासिल करने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तरह राजस्थान में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस के झूठ और भ्रम का मुखौटा अब उतर जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सात विधानसभा सीटों के हर बूथ पर 'माइक्रो मैनेजमेंट' के साथ काम करने की रणनीति बनाई गई है।

उपचुनाव समेत अन्य विषयों पर बैठक में चर्चा हुई

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा में सामूहिक निर्णय की प्रक्रिया और पद्धति है। बैठक में हम सभी ने आने वाले उपचुनाव सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के चुनाव में हम सब लोग अलग-अलग जगह काम कर रहे थे। उसके बाद हम सभी को एक साथ बैठना भी था। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश और देश में दोनों जगह काम कर रही है। राजस्थान में और अधिक बेहतर तरीके से हम कैसे काम करें, इस पर भी चर्चा हुई।

भाजपा के 10 माह के काम जनता के बीच लेकर जाएं कार्यकर्ता: अग्रवाल

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय का उदाहरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन सरकार के कार्यों को आम आदमी तक पहुंचाने का काम करता है और आम आदमी की समस्याओं को भी सरकार तक पहुंचाता है। ऐसे में मौजूदा सरकार के साथ संगठन का बेहतर समन्वय देखने को मिल रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस जातिवाद की राजनीति करती है और भाजपा विकास की राजनीति करती है। भाजपा में फैसले थोपे नहीं जाते बल्कि सबकी सहमति से ही पार्टी किसी नतीजे पर पहुंचती है। उन्होंने कहा कि हमें जातिवाद से ऊपर उठकर विकास की दिशा में मिलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के नौ महीने के शासन के बेमिसाल और अभूतपूर्व विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएं। सरकार ने हर वर्ग के लिए बेहतर काम किया है फिर चाहे वह गरीब हो, दलित हो या फिर महिलाएं।

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी सुपुर्द-ए-खाक, 3 अब भी फरार

अब तक 3 आरोपी गिरफ्तार, एक को 7 दिन की रिमांड पर भेजा गया

मुंबई। एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी को मुंबई के मरीन लाइंस स्टेशन के सामने बड़ा कब्रिस्तान में राजकीय सम्मान के साथ दफनाया गया। सिद्दीकी के जनाजे को घर से निकलते ही राजकीय सम्मान दिया गया। जनाजे में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

बता दें कि बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के तुरंत बाद ही पुलिस ने दो आरोपियों हरियाणा के गुरमेल और यूपी के धर्मराज को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को रविवार को मुंबई कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने गुरमेल को 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। जबकि धर्मराज ने खुद को नाबालिग बताया, जिसकी जांच की जा रही है। इस बीच, मुंबई पुलिस ने तीसरी गिरफ्तारी की। लॉरेंस गैंग द्वारा हत्या की जिम्मेदारी लेने का पोस्ट करने वाले शुभम सोनकर के भाई प्रवीण को पुणे से अरेस्ट किया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अब तक 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 3 आरोपी यूपी के शिव, पंजाब के जीशान अख्तर और



शुभम सोनकर की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि जीशान फोन पर तीनों शूटर को डायरेक्शन दे रहा था। सूत्रों के मुताबिक, जीशान अख्तर इसी साल 7 जून को पंजाब की पटियाला जेल से बाहर आया था। जेल में ही रहते समय ही वो लॉरेंस गैंग के गुर्गों के संपर्क में आया। इधर, मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आने के बाद सलमान खान की सुरक्षा और भी बढ़ा दी गई। गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई। फैमिली ने इंडस्ट्री से किसी को भी घर पर आने के लिए मना किया है। वहीं, सलमान खान ने भी अपनी मीटिंग्स को कुछ दिन के लिए कैंसिल कर दिया।

लॉरेंस गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी

इससे पहले रविवार को लॉरेंस गैंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली। पुलिस इस पोस्ट की जांच में जुट गई है। पोस्ट में लिखा है कि सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं। पोस्ट में लॉरेंस और अनमोल को हैशटैग किया गया है। लॉरेंस अभी गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। जेल में लॉरेंस से पूछताछ की जाएगी। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि लॉरेंस अगर जेल में है तो उसका गिरोह कौन चला रहा है? अगर वह खुद जेल से चला रहा है तो क्या ये गुजरात और केंद्रीय गृह मंत्री की नाकामी नहीं है?

हरियाणा: विधायक दल की मीटिंग 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में होगी

अमित शाह चुनेंगे हरियाणा का मुख्यमंत्री

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . हरियाणा

हरियाणा के नए सीएम के चुनाव के लिए भाजपा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पिछले 5 वर्षों में यह दूसरा मौका होगा, जब



उत्तर प्रदेश के बाद शाह हरियाणा में ऑब्जर्वर बनकर आ रहे हैं।

हरियाणा के नए सीएम का शपथग्रहण 17 अक्टूबर को होगा। उससे पहले 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई है। इसमें दोनों ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे। वैसे तो प्रदेश में पार्टी ने नायब सैनी को सीएम चेहरा बनाया था। ऐसे में विधायक दल की मीटिंग में उन्हें ही नेता चुना जा सकता है। मगर, अमित शाह को ऑब्जर्वर लगाने से अब कई तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। इससे यह संकेत भी मिल रहा है कि हरियाणा में नई सरकार में नए और अप्रत्याशित चेहरों को जगह मिलने की संभावना है। हरियाणा के चुनाव में शाह के दखल का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी चुनाव के दौरान शाह ने पंचकूला में नायब सैनी को सीएम चेहरा घोषित कर दिया था। इसके बाद टिकट बंटवारे में भी शाह आखिरी वक्त तक एक्टिव रहे। यहां तक कि दक्षिणी हरियाणा की अहीरवाल बेल्ट में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत के कट्टर विरोधी राव नरबीर तो सीधे शाह से मिलकर टिकट ले आए थे।

अग्निवीरों की शहादत दूसरे सैनिकों से कम क्यों: राहुल गांधी

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि क्या सरकार अन्य सैनिकों की तरह इन अग्निवीरों को भी सम्मान और मुआवजा देगी, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो। राहुल ने कहा कि नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत



शित का निधन एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि अग्निवीरों की शहादत दूसरे सैनिकों से कम क्यों है?

जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन का रास्ता साफ, राष्ट्रपति शासन हटाया

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन हटा दिया गया। राष्ट्रपति शासन हटाने के आदेश के बाद अब केंद्रशासित प्रदेश में सरकार गठन का रास्ता साफ हो गया। बता दें कि 90 सदस्यीय विधानसभा में हाल में विधानसभा चुनाव हुआ था। इस चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बहुमत हासिल किया है। नेशनल कांन्फ्रेंस ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। उमर अब्दुल्ला ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश किया था। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने और केंद्रशासित प्रदेश घोषित करने के बाद यह पहला चुनाव था। इसके पहले 19 जून, 2018 को पीडीपी-बीजेपी गठबंधन टूटने के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। अगस्त 2019 में केंद्र सरकार ने इसे केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया था।

एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने के खिलाफ राजकुमार रोत, बोले- टीएसपी एरिया के अभ्यर्थियों ने मेहनत करके दी परीक्षा

सही लोगों की नौकरी बहाल करे सरकार : सांसद रोत

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

सांसद राजकुमार रोत ने एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि टीएसपी एरिया की अलग से भर्ती हुई है। उसके लिए अलग से पद क्रिएट किए गए थे। उनमें अब तक कोई फर्जी मामला सामने नहीं आया। इस इलाके का अभ्यर्थी रात-दिन मेहनत करता है और परीक्षा देता है। ऐसे में एसआई भर्ती में शिड्यूल एरिया



के अभ्यर्थियों को जॉइनिंग दी जाए।

रोत ने कहा कि सरकार वेरिफाई कर ले, जिन्होंने गलत किया है। उन्हें बाहर करे और शिड्यूल एरिया के अभ्यर्थियों को नौकरी दे। क्योंकि भर्ती में बहुत से लोग शामिल हैं। इसलिए सरकार को सब कुछ ध्यान में रख कर फैसला करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में उप-चुनाव भाजपा के लिए काफी मुश्किल होगा। उन्होंने अब तक न तो युवाओं के लिए काम किया है, न ही बुजुर्गों के लिए। वे योजनाएं भी धरातल पर नहीं उतार पाए हैं। इसलिए जनता उन्हें जवाब देगी।

आदिवासी कर रहा अपने हक की बात

रोत ने कहा कि मुझे जब बांसवाड़ा का सांसद बनाया, तभी चौरासी की जनता ने मुझसे वादा किया था कि यहां से बीएपी का उम्मीदवार ही जीतेगा। उन्होंने उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत और टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी पर आदिवासियों के इतिहास को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया। रोत ने यह भी कहा कि आदिवासी पहली बार अपने हक, अधिकार और संस्कृति की बात कर रहा है तो इन्हें क्यों लग रहा है कि माहौल खराब हो रहा है। जब वे अपने हक अधिकार की बात नहीं कर रहे थे तब इन्हें अच्छा लग रहा था।

झारखंड में चुनाव लड़ेगी

राजकुमार रोत ने यह भी बताया कि वे झारखंड विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के विस्तार के लिए तीन दिन तक झारखंड में रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ के बाद अब झारखंड में 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

पूर्वी हवाओं के प्रभाव से दक्षिणी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में 15 तक चलेगा बारिश का दौर, 18.2 डिग्री के साथ सीकर की रात सबसे सर्द

उदयपुर सहित आधा दर्जन शहरों में बरसे मेघ, डबोक में पांच इंच हुई बारिश

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर



पूर्वी हवाओं के प्रभाव से 13-14 अक्टूबर को दक्षिणी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर व जयपुर संभाग व आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। उदयपुर कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन बारिश की गतिविधियां 15 अक्टूबर को भी जारी रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तर-पश्चिमी व उत्तरी भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। रविवार को उदयपुर सहित आधा दर्जन शहरों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश उदयपुर के डबोक में 120 मिमी दर्ज की गई। बारिश के चलते प्रदेश के पारे में गिरावट आई है। सबसे ज्यादा भीलवाड़ा के पारे में 5 डिग्री की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में हवा में आर्द्रता की औसत मात्रा 60 से 100 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गई।रविवार को भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौडगढ़ और डबोक उदयपुर में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के बाद भीलवाड़ा के पारे में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश शहरों के पारे में एक से पांच डिग्री तक की गिरावट आई है। शनिवार को पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा एवं कहीं कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 38.2 और 28.8 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

पांच शहरों का पारा आया 20 डिग्री से नीचे, होने लगा गुलाबी ठंड का अहसास

प्रदेश के पांच शहरों का रात का पारा 20 डिग्री से नीचे पहुंच गया। इससे लोगों को गुलाबी सर्दी का अहसास होने लगा है। आगामी दिनों में रात के पारे में और गिरावट आने की संभावना है। 18.2 डिग्री के साथ सीकर की रात सबसे सर्द रही। सीकर के अलावा पिलानी, संगरिया, माउंट आबू और फतेहपुर का रात का पारा 20 से नीचे दर्ज किया गया।

विधानसभा उपचुनाव: झुंझुनूं सीट पर टिकट की मांग उठी

झुंझुनूं में मुस्लिम वोटर्स बढ़ा सकते हैं कांग्रेस की परेशानी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर



आगामी दिनों में राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं। इन उप चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी नेता चिंता में है। कांग्रेस नेता लोकसभा चुनाव के बाद बड़े जोश में थे, लेकिन हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद उनका जोश हवा में उड़ गया। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता कह रहे हैं कि यहां स्थानीय चुनाव है, उपचुनाव में हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का असर नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार की वजह देखें तो उसके पीछे गैर जाट वोटर का कांग्रेस से नाराज होना सामने आया है।

अब झुंझुनू विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में भी कहीं गैर जाट का नारा लग गया तो यहां भी कांग्रेस का वोट बैंक माने जाने वाला मुस्लिम समाज कांग्रेस से छिटक सकता है। झुंझुनूं विधानसभा सीट पर मुस्लिम नेताओं ने कांग्रेस से टिकट की मांग कर भी दी है। यहां जाट मतदाता करीब 70 हजार के आसपास है और मुस्लिम मतदाता भी 68 हजार है, एसटी-एससी के वोटर लगभग 45 हजार के करीब है। इस सीट पर मूल ओबीसी भी अच्छी खासी संख्या में है। ऐसे में लंबे समय से ओला परिवार का सीट पर कब्जा रहा है। पहले शीशराम ओला उसके बाद बृजेंद्र ओला जो कि इस सीट से विधायक की का चुनाव जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां से सांसद भी बने। इसके बाद यह विधानसभा सीट खाली हो गई, ऐसे में यहां अब उपचुनाव होने हैं। बीते दिनों मुस्लिम न्याय मंच से आईएएस अशफाक हुसैन ने कहा था कि झुंझुनू सीट पर एक ही जाति या एक ही परिवार का अधिकार नहीं है।

लोकतंत्र में सभी को टिकट मांगने का अधिकार है। इस सीट पर लंबे समय से मुस्लिम समाज टिकट की दावेदारी कर रहा है। उपचुनाव में उन्हें मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा- "आज कांग्रेस के जो पांच बड़े नेता हैं। वे मुसलमानों के वोट से ही बने हुए हैं। जरूरी नहीं कि हम कांग्रेस को ही वोट दें, यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए, हम वोट नहीं देंगे तो आप घर बैठ जाओगे।"

टिकट नहीं तो वोट नहीं की चेतावनी

उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी ओला परिवार से ही किसी को चुनाव लड़वाना चाहती है, ऐसे में मुस्लिम वोटर्स ने बीते दिनों एक सभा करके पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उप-चुनाव में किसी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया जाता है, तो वह चुनाव में पार्टी का विरोध करेंगे। इस सीट पर साल 1996 में पहली बार उपचुनाव हुए, जहां पर बीजेपी से डॉ. मूल सिंह शेखावत चुनाव जीते। अब इस सीट पर दूसरी बार उपचुनाव होने जा रहे हैं। यह सीट परंपरागत रूप से कांग्रेस की मानी जाती है, लेकिन यदि अल्पसंख्यक समाज को नहीं साधा गया तो यहां नतीजे चौंका सकते हैं।

इन 7 सीटों पर होने हैं उपचुनाव

राजस्थान में झुंझुनूं, दौसा, देवली-उनियारा, चौरासी, खींवसर, सलूंबर और रामगढ़ सीटों पर उपचुनाव होने हैं। झुंझुनूं, दौसा, देवली-उनियारा, चौरासी, खींवसर सीटें विधायकों के लोकसभा चुनाव जीतने के कारण सीटें खाली हुई थी। वहीं सूलंबर सीट बीजेपी विधायक अमृतलाल मीणा के निधन और रामगढ़ सीट कांग्रेस विधायक जुबेर खाने के इंतकाल के चलते खाली हुई है। ऐसे में अब प्रदेश में 7 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं।

ट्रेनी एसआई के परिजनों ने शहीद स्मारक पर किया धरना-प्रदर्शन

भर्ती रद्द कर बेकसूरों के भविष्य से खिलवाड़ मत करो सरकार

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर





एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द न करने की मांग को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में ट्रेनी एसआई के परिवारजन शहीद स्मारक पर धरना दिया। जो लोग गलत तरीके से इस परीक्षा को पास कर ट्रेनिंग कर रहे हैं, उनके खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई करे। बेकसूरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न किया जाए।

एसआई के परिजनों ने सीएम से मिलने का समय भी मांगा है। इनके पक्ष में तमाम संगठन भी आ गए हैं। प्रदर्शन में पहुंची एक युवती का कहना है कि एक साल से मेरा भाई ट्रेनिंग कर रहा है। दिन-रात मेहनत कर रहा है। त्योहार पर भी घर नहीं आ पाता। एसओजी की जांच में आया कि पेपर लीक हुआ तो उसका दोष निर्दोष को क्यों दिया जाए। आरपीएससी की गलतियों की सजा निर्दोष क्यों भुगतें। ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों का कहना है कि कुछ लोगों के फर्जी तरीके से जॉइनिंग लेने से सभी के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर ने सालों मेहनत करके इस पद को हासिल किया है। एक साल से अधिक का समय ट्रेनिंग करते हुए हो गया है। अगर यह भर्ती रद्द की गई तो ईमानदार और मेहनत से बने एसआई के साथ गलत होगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी नीट परीक्षा के बारे में नकल से सिलेक्ट हुए अभ्यर्थियों को ही बाहर किया। पूरी चयन प्रक्रिया को निरस्त नहीं किया गया। फर्जी तरीके से सिलेक्ट हुए बहुत से अभ्यर्थी जेल में हैं। एसओजी जांच पूरी करे। फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा जाए, उनके स्थान पर मेरिट में नीचे वालों को लिया जाए।

सरकार से न्याय की गुहार की

जयपुर। एसआई भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर सेंट्रल पार्क में युवाओं ने आखों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। साथ ही पीड़ित अभ्यर्थियों ने सरकार से न्याय की गुहार की।

6 मंत्रियों की कमेटी को करना है फैसला, सरकार सुने

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर 6 मंत्रियों की कमेटी को फैसला करना है। कमेटी बनने के बाद से ही परेशान ट्रेनिंग कर रहे एसआई का कहना है कि भर्ती परीक्षा 2021 में कुल 859 अभ्यर्थी पास हुए। इनकी ट्रेनिंग जयपुर आरपीए, किशनगढ़ और जोधपुर ट्रेनिंग सेंटर में चल रही है। इनमें से 50 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये कुल पास अभ्यर्थियों का 5 प्रतिशत है। अगर परीक्षा रद्द होती है तो शेष 95 प्रतिशत ट्रेनी एसआई का भविष्य खराब हो जाएगा। जीवन के चार साल खत्म हो जाएंगे। ये ट्रेनी एसआई कुछ सामाजिक संगठनों के जरिए अपनी बात सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

धारीवाल के प्रोजेक्ट रिवरफ्रंट की जांच कराएगी सरकार



जयपुर। सरकार पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चंबल रिवरफ्रंट की जांच कराएगी। इसके अलावा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के जिन भी प्रोजेक्ट में गड़बड़ी की आशंका है, उन सभी की जांच की जाएगी। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट्स में कमी पाए जाने पर पिछली सरकार के किसी मंत्री की संलिप्तता सामने आती है तो उसे भी उजागर की जाएगा। इसके अलावा खर्रा ने कहा कि जयपुर के जवाहर सर्किल पर बनाए गए तोरण द्वार में भी डैमेज की शिकायतें मिली हैं। इस तरह की शिकायतें जैसे-जैसे संज्ञान में आएंगी, गंभीरता के साथ उनकी जांच करवाई जाएगी। खर्रा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल के अंतिम दिनों की जांच के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति बनी हुई है। बाकी जो काम है, उनके लिए मुख्यमंत्री से दो बार चर्चा हो चुकी है कि जांच ले लिए कोई अधिकारियों की कमेटी बने या मंत्रिमंडल की उप समिति बने। उन्होंने कहा कि जिन भी प्रोजेक्ट में गड़बड़ी की आशंका है। कहीं सीवरेज, कहीं निर्माण कार्य तो कहीं दो महीने में सड़क उखड़ने की गंभीर शिकायतें हैं। जांच में यदि कमी पाई जाती है, तो और उसमें पिछली सरकार के किसी मंत्री की संलिप्तता सामने आती है तो वो भी उजागर की जाएगी।

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार जारी, सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, आंदोलन की चेतावनी

सुरक्षा की मांग, रेजिडेंट डॉक्टर्स ने निकाला पैदल मार्च

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर



रेजिडेंट्स की सुरक्षा समेत 8 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे रेजिडेंट्स डॉक्टर्स ने रविवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज से लेकर त्रिमूर्ति सर्किल तक पैदल मार्च निकाला।

इस दौरान रेजिडेंटस ने हाथों में जस्टिस फॉर द वॉइसलैस, एवरी वूमन डिजर्व सेफ्टी स्टैंड अप अगेंस्ट, प्रोपर सिक्योरिटी इज बेसिक नीड के अलावा सेव दोज लाइव हू सेव यू जैसी सुरक्षा की मांग की तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए पैदल मार्च किया। त्रिमूर्ति सर्किल पहुंचकर एकत्रित होकर उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। बता दें कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में राजस्थान के डॉक्टर भी न्याय के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर जयपुर के रेजिडेंट डॉक्टर पिछले सात दिन से हड़ताल पर हैं। ऐसे में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप हो गई है। रेजिडेंट्स के हड़ताल पर जाने की वजह से जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल और एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि हड़ताल पर गए रेजिडेंट्स ने अभी तक आपातकाल सेवाओं को हड़ताल से दूर रखा गया है लेकिन वे नियमित रूप से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल का कहना है कि तीन महीने पहले राज्य सरकार ने रेजिडेंट्स की मांगों को जल्द मानने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। डॉ. सियोल ने कहा कि रेजिडेंट की मांगे जायज हैं। अगर सरकार ने इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

पूर्व में सरकार के साथ हो चुका समझौता

रेजिडेंट्स ने तीन महीने पहले भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। तब सरकार ने जार्ड की 8 सूत्री मांगों को सरकार ने वाजिब माना और उन मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। सरकार से समझौता होने के बाद ही पिछली बार की हड़ताल को स्थगित किया गया था। अब तीन महीने बीतने के बावजूद सरकार अपने वादे पर खरी नहीं उतरी तो फिर से हड़ताल पर जाना पड़ा।


साल 2010 और 2016 में निकाली गई थीं करीब 600 पदों पर एसआई की भर्ती, 2021 के 859 पद भी खाली

अपराध बढ़ा, न्याय के तराजू का दूसरा पलड़ा खाली, कैसे मिल सकेगी आमजन को सुरक्षा?

राजस्थान में एसआई के 4661 पद, इनमें से 2107 पद चल रहे खाली, प्रदेश में 1016 पुलिस स्टेशन और 254 सर्किल

जागो इंडिया जागो
राजेश मीणा

जयपुर। प्रदेश में लगातार अपराध में इजाफा हो रहा है। हर साल दो लाख से भी ज्यादा मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। ऐसे में पुलिस स्टाफ की कमी होने के कारण पेंडेंसी केस की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसकी वजह साफ है। प्रदेश में एसआई के 461 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 2107 पर खाली चल रहे हैं। ऐसे में जांच अधिकारियों की कमी के चलते न्याय में देरी हो रही है। केंद्र सरकार ने आमजन को न्याय देने के लिए पुरानी काननू व्यवस्था में बदलाव कर आईपीसी के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता नाम दिया है। सरकार अगर इस मामले में काम करें तो पुलिस कर्मियो को अवकाश मिल सकता है। इससे उनके काम का बोझ भी कम होगा। वर्तमान में पुलिसकर्मी 24 घंटे तक ड्यूटी देने को मजबूर है।



राजस्थान में साढ़े चार हजार से भी कम एसआई के पद

राजस्थान पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार प्रदेश में उप निरीक्षक यानी एसआई के 4661 पद हैं। इनमें से 2554 पदों पर एसआई काम कर रहे हैं और बाकि 2107 पद खाली चल रहे हैं। हाल ही में एसआई भर्ती का परीणाम आया। इस भर्ती में राजस्थान पुलिस को 859 एसआई मिले हैं। लेकिन इस भर्ती में अब तक 50 से ज्यादा एसआई तो अरेस्ट किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि 50 और राडार पर चल रहे हैं। फिलहाल आरपीए में तमाम एसआई ट्रेनिंग पर हैं। अभी करीब दो महीने की ट्रेनिंग बाकी है।

चौदह साल में सिर्फ तीन बार भर्ती

राजस्थान में 14 साल में सिर्फ 3 बार एसआई भर्ती हुई। उनमें पहली बार इतने ज्यादा पदों पर एसआई भर्ती किए जा रहे हैं। 2010 में एसआई भर्ती निकाली गई थी जिसमें 361 पदों पर भर्ती की गई थी, इनमें प्लाटून कमांडर भी शामिल थे। उसके बाद साल 2016 में 331 पदों पर एसआई भर्ती की गई। अब 2021 में 859 पदों पर एसआई भर्ती किए जा रहे हैं। लेकिन यह भर्ती अटकने की काफी संभावना दिख रही है।

एसआई एक तरह से थाने का अधिकारी, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में थानाधिकारी

राजस्थान ही नहीं देश के लगभग तमाम राज्यों में एसएचओ यानी थाने के अधिकारी से भी ज्यादा काम एसआई के पास होते हैं। प्रदेश में हत्या, डकैती, लूट, गैंगरेप, संगठित तरह के अपराध जैसे बड़े केसेज की जांच अधिकतर एसआई के जिम्मे ही रहती है। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों यानी एसपी से लेकर डीजीपी तक के लिए थाने प्रजेंटेशन, रिकॉर्ड या अन्य तैयारी करने की जिम्मेदारी भी सब इंस्पेक्टर की रहती है। साथ ही वीवीआईपी और वीआईपी मूवमेंट की रूट लाइनिंग, बड़े आंदोलन और केस ऑफिसर स्कीम में आने वाले केसेज भी थाने के एसआई के जिम्मे ही होते हैं। यही हाल है कि अधिकतर बड़े शहरों जैसे जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर समेत अन्य जिलों में ग्रामीण इलाकों में स्थित पुलिस थानों के इंजार्च एसआई ही हैं। बोलचाल की भाषा में उन्हें थानेदार कहा जाता है।

भर्ती पर मंडरा रहे संकट के बादल

राज्य सरकार ने खाली पदों को भरकर परिवादियों को समय पर न्याय दिलाने के प्रयास किया था, लेकिन इस बीच नकल गिरोह ने सरकार का रास्ता रोक दिया है। हाल ही में आयोजित एसआई भर्ती पर अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भर्ती को लेकर जल्द ही सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। माना जा रहा है कि भर्ती को रद्द भी किया जा सकता है। हांलाकि अफसर बीच का रास्ता खोज रहे है।

एक्सपर्ट्स ने बताया समाधान, इस तरह से साख बचा सकती है सरकार

राजस्थान में पुलिस और जेल सेवा में योगदान देने वाले रिटायर पुलिस अधिकारी एमबी पुरोहित ने बताया कि नकल गिरोह की सेंध बेहद शर्मनाक है। एसआई भर्ती अगर रद्द होती है तो बड़े स्तर पर वे युवा भी शिकार होंगे जिनकी कोई गलती नहीं है। एसओजी ने अब तक करीब 50 से ज्यादा एसआई अरेस्ट किए हैं। अभी कुछ और टारगेट पर बताए जा रहे हैं। सरकार को चाहिए कि जिन लोगों ने नकल की और जिनके खिलाफ एसओजी के पास सबूत हैं, ऐसे लोगों को अरेस्ट कर इस भर्ती को सुचारू रखे। जिससे युवाओं के सपने नहीं टूटेंगे और पुलिस अनुसंधान पर भरोसा और ज्यादा बढ़ेगा। साथ ही दुबारा परीक्षा कराने में होने वाले बड़े खर्च और मैन पावर कंज्पशन से भी बचा जा सकेगा।

चार बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दबोचे गैंगरेप के आरोपी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

कार सवार 4 बदमाशों द्वारा युवती को अगवा कर उससे गैंगरेप करने के मामले में स्थानीय लोगों द्वारा शनिवार को जयसिंहपुरा थाने का घेराव करने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए गैंगरेप के सभी आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। वहीं गैंगरेप पीड़िता का एसएमएस अस्पताल में उपचार चल रहा है।

सीआई राजेश कुमार मीना ने बताया कि इस मामले में 11 अक्टूबर को आरोपी दीपक (26) निवासी डांगरवाडा खुर्द जयसिंहपुराखोर और गिर्राज (31) निवासी बड़ागांव भाटिया दौलतपुरा को अरेस्ट किया था, जबकि रविवार को कुंदन और रामवतार को अरेस्ट कर लिया गया। दोनों की बटवाड़ी गांव के रहने वाले हैं।

इस संबंध में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गुरुवार को काम पर गए हुए थे। उनका परिवार घर में सो रहा था। रात करीब 12 बजे घर लौटने पर बेटी गायब मिली। इधर-उधर ढूंढने के दौरान भी बेटी का पता नहीं चला। रिश्तेदारों को भी फोन कर बेटी के बारे में जानकारी जुटाई,लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रात करीब 1 बजे बोलेरो गाड़ी उनके घर के पास आई। उसमें बैठे लोग बेटी को रोड किनारे फेंक कर चले गए। गाड़ी की आवाज सुनकर घर से बाहर आए तो बेटी लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ी थी। उसके कपड़े खून से सने थे। सिर और कान से खून बह रहा था। इस पर उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी।



नाबालिग बच्ची से गैंगरेप सरकार के लिए चुनौती : खाचरियावास

जयपुर। जयसिंहपुरा खोर में नाबालिग दलित बच्ची के साथ अपहरण करने के बाद दुष्कर्म की घटना से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी इस मामले में सरकार पर बड़ा हमला बोला है। खाचरियावास ने कहा कि राजधानी जयपुर में खुलेआम बच्ची का अपहरण के बाद दुष्कर्म की घटना हो जाना कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है। मुख्यमंत्री आज तक एक भी बच्ची के परिवार से नहीं मिले प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को दुष्कर्म पीड़ित बच्चियों के परिवार से मिलकर बच्चियों के पूरे इलाज की व्यवस्था और परिवार की राज्य सरकार की ओर से पूरी मदद करनी चाहिए उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकने के लिए राज्य सरकार सख्त कदम उठाए जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक हो सके। पूरे प्रदेश में लगातार बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है, राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती



है की प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए, अपहरण करने वाले सभी लोग अभी तक गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, इन लोगों को स्पेशल टीम लगाकर गिरफ्तार करके सख्त सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, खाचरियावास ने कहा कि प्रदेश में लूट,अपहरण,डकैती, बलात्कार, हत्या, भ्रष्टाचार और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है, अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं, अपराधियों में डर पैदा होना चाहिए, राज्य की सरकार के मुखिया की जिम्मेदारी बनती है कि गृह विभाग को लेकर वह पूरे प्रदेश में इस तरह की व्यवस्था लागू करें की अपराध और अपराधी में डर पैदा हो सके।

रविंद्र मंच पर 3 नाटकों का हुआ मंचन



जयपुर। शहर के कला प्रेमियों के लिए रविवार का दिन बेहद खास रहा। रविंद्र मंच पर रंगमंच कलाकार ओमप्रकाश सैनी की परिकल्पना, लेखन निर्देशन में तीन नाटक पतंग और पेड़, जोकर और शायरी का सशक्त मंचन किया गया। उन्होंने नाटक में अभिनय भी किया। उनके साथ सुनील सोगन, बिजेंद्र सिंह, घनश्याम जांगिड़ जैसे कलाकारों ने मंच पर मुख्य भूमिका निभाई। इन कलाकारों ने अपनी जबरदस्त अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपनी अभिनय क्षमता से उन्होंने जमकर दाद लूटी और पूरे नाटक के दौरान दर्शकों को बांधे रखा। नाटक पतंग और पेड़ में पेड़ बचाओ और पेड़ लगाओ का संदेश दिया गया। दूसरी प्रस्तुति बेहरूपिया के मंच से कलाकारों के जीवन की व्यथा को इंगित किया गया। उनके जीवन में भले ही कितने भी दुख हो किन्तु वो हंसने और हंसाने का दम रखते हैं, वहीं अंतिम प्रस्तुति स्वयं श्रीवास्तव लिखित कविता से प्रेरित शायरी नाटक को कलाकार सम्राट बिजेंद्र सिंह अवाना ने वाचिक अभिनय से बखूबी मंच पर उतारा। निर्देशक सैनी ने तीनों प्रस्तुतियों को एक माला में पिरोकर प्रकृति के संग तालमेल बैठाकर जीवन के रंग प्रकृति के संग का संदेश दिया।

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्रवाई

डब्ल्यूटीपी के पीछे शॉपिंग सेंटर की फूड शॉप्स में मिली गंदगी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

वर्ल्ड ट्रेड पार्क (डब्ल्यूटीपी) के पीछे स्थित जेडीए शॉपिंग सेंटर की फूड शॉप्स में रविवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट की शंका को देखते हुए सैंपल लिए गए। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा की टीम की इस कार्रवाई के दौरान किचन में गंदगी पाई गई। कई किचन्स का स्ट्रक्चर खाद्य निर्माण के पूर्ण अनुकूल नहीं मिला। सब्जियों के भंडारण के फ्रिज गंदे मिले, दीवारें और छत बदरंग मिले हैं। फूड हैंडलर्स ने उचित पोशाक नहीं पहनी थी और प्रयुक्त हो रहे पानी की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट और स्टाफ के स्वस्थता प्रमाण पत्र तथा फोस्टेक ट्रेनिंग के प्रमाण नहीं मिले। 12 लाख वार्षिक से बड़े कारोबार को भी केवल रजिस्ट्रेशन से चलाया जा रहा था, जबकि इसके लिए लादसेंस रखना होता है।

इसके अलावा मारवाड़ी रसोई से खुले पनीर, वंदे' ज सिप एंड बाइट से खुले पनीर और विटामिन फैक्ट्री जूस एंड शेक से बील के पल्प का नमूना लिया गया, जिन्हें जांच के लिए लैब भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मेस की रसोई में निम्न गुणवत्ता की सामग्री, गंदगी मिलने और फूड व्यवसाय नियमों की अवहेलना पर इंप्रूवमेंट नोटिस देकर सख्त एक्शन लिया जाएगा।



तीन मिठाई की दुकानों से लिए सैम्पल

जयपुर। खाद्य सुरक्षा के अधिकारी आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखा रहा है। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावटियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद भी मिलावटखारों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दीपावली के त्योहार को देखते हुए अब खाद्य सुरक्षा की टीम ने अभियान में तेजी लाते हुए रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल जयपुर प्रथम ने गोविंद मार्ग स्थित कान्हा स्वीट्स से पेस्ट्री एवं मावा मिठाई का नमूना, राजापार्क स्थित भाटिया पनीर से ग्रेवी और मिल्क केक का नमूना, गोपी क्वालिटी स्वीट्स से मावा एवं लड्डू का नमूना लिया गया, साथ ही सभी को साफ सफाई का ध्यान रखने की हिदायत दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दल को अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर नमूने एकत्र कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई कर रही है। साथ ही सैंपल लेकर उनकी जांच के लिए लैब भिजवाए हैं। नूमने की जांच में अगर मिलावट पाई गई इन दुकानदारों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।



जेडीसी ने ली समीक्षा बैठक, पट्टों के ऑनलाइन आवेदन निस्तारण के लिए लागू होगी नई एसओपी

जेडीए 2500 से अधिक भूखंडों की स्कीम्स करेगा लॉन्च

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

जेडीसी आनन्दी की अध्यक्षता में रविवार को जेडीए के मंथन सभागार में जविप्रा के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जेडीसी द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रख कर जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से पट्टे संबंधित सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन के निस्तारण के लिए ड्राफ्ट एसओपी पर विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने अधिकारियों को उक्त एसओपी आगामी बुधवार से लागू करने के सख्त निर्देश दिए, जिससे उक्त एसओपी का लाभ आमजन को अधिक से अधिक मिल सके। उक्त एसओपी की अपने अधीनस्थ स्टाफ से टाइमलाइन में फाइल डिस्पोजल अनुषासनात्मक रूप से करना सुनिश्चित करें। जेडीसी ने उपायुक्तों से आगामी माह अक्टूबर-नवम्बर में आयोजित किए जाने वाले नियमन शिविरों की प्रगति की जानकारी ली एवं उक्त नियमन शिविरों के अतिरिक्त अन्य शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्तों को पूर्व में अनुमोदित योजनाओं के शिविर आयोजित किए जाने के लिए संबंधित संस्था और व्यक्ति से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन शहरों के संग दी जा रही शिथिलताओं के बिना जिन योजनाओं से संबंधित संस्था और अधिकृत व्यक्ति नियमन शिविर



आयोजित करवाने के इच्छुक है, वे जेडीए में दोपहर 3 से 5 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं। बैठक में वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 में जिन योजनाओं के मानचित्र अनुमोदित किए जा चुके परन्तु शिविर आयोजित नहीं हुए है, ऐसी योजनाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लैण्ड बैंक अपडेटेशन पर जोर दिया गया। जेडीसी ने निर्देश दिए कि जो अतिक्रमण दिखाई दे रहे है, डेटाबेस में दिखाई दे रहे हैं एवं संज्ञान में आ गए है, ऐसी सरकारी भूमि से अतिक्रमण प्राथमिकता के आधार पर हटवाए जाए।

अतिक्रमण हटाने के बाद तत्काल ई-ऑक्शन किए जाने के निर्देश

उपायुक्तों को अतिक्रमण के डीजीपीएस सर्वे के लिए आरटीपीपी एक्ट के तहत शक्ति देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्राइम लैण्ड पर अतिक्रमण हटाने के बाद तत्काल रूप से ई-ऑक्शन में रखने के निर्देश दिए। जेडीसी ने अधिकारियों को भूमि आवंटन के प्रकरणों को ऑनलाइन इंद्राज करने के निर्देश दिए। जेडीसी जोन-12 में नाहरी का बास, जोन-10 में गोविंदपुरा रोपाडा, जोन-12 में जयरामपुरा एवं जोन-11 में चिरोता में आवासीय,अन्य योजनाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी ली एवं उक्त योजनाओं को शीघ्र लांच करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी तीन माह में विभिन्न जोनों में 2500 से अधिक भूखण्डों के लिए विभिन्न प्रकार - एग्रो वेयर हाउस, वेयर हाउस, फार्म हाउस, व्यावसायिक, आवासीय एवं अन्य योजनाएं लांच करने के लिए प्लानिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व अर्जन के लिए जेडीए योजनाओं में उपलब्ध भूखण्डों को नीलामी में प्राथमिकता से रखने के निर्देश दिए। जेडीए के जोन-2, 7, 8, 9, 10, 13, 14 एवं पीआरएन उत्तर में जेडीए योजनाओं के भूखण्डों को नीलामी में रखने पर चर्चा हुई।

सॉफ्टवेयर में दर्ज कर रहे रिकॉर्ड

जेडीए हर माह अपडेट करेगा लैंड बैंक डिटेल

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

जेडीसी आनंदी के निर्देशों पर उपायुक्तों एवं वरिष्ठ अधिकारीगणों के साथ जेडीए लैंड बैंक पर पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अधिकारी और कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे जेडीए लैंड बैंक और सुदृढ़ हो सकेगा। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में भूमि का रिकॉर्ड आईटी सेल द्वारा निर्मित लैंड बैंक सॉफ्टवेयर में किया जा रहा है, इसमें तहसील,गांव का नाम, खसरा नम्बर, रकबा, भूमि की किस्म इत्यादि को सम्मिलित करते हुए रिकॉर्ड तैयार किया गया है तथा इनमें मास्टर प्लान 2011 और 2025 के अनुसार भू-उपयोग दर्ज किया जा रहा है। प्रत्येक खसरे के साथ जिओ लोकेशन टेग की गई है, जिस पर एक सिंगल क्लिक गूगल मैप पर भूमि की लोकेशन दर्शित करता है जिसकी सहायता से खसरों की आसानी से पहचान की जा सकती है। प्रजेंटेशन में लैंड बैंक को हर माह अपडेट किए जाने के लिए जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को किस प्रकार लैण्ड बैंक सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाकर अपडेटेशन किया जाना है। प्रजेंटेशन में बताया गया कि जेडीए के लैण्ड बैंक में वास्तविक रिकॉर्ड का अद्यतीकरण किया जाए, जिससे जोन द्वारा सुनियोजित प्लानिंग संभव हो सकेगी।

एक दौड़ शूरवीरों के नाम : जनरल हरबिन्दर सिंह वन्द्रा ने रन का फ्लैग ऑफ़ किया

शूरवीरों के साहस और बलिदान का दौड़ लगाकर किया सम्मान

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

जयपुर स्थित वैशाली नगर में विजय द्वार से ऑनर रन के अंतर्गत आयोजित प्रोमो रन का रविवार को सफलतापूर्वक फ्लैग ऑफ किया गया, जिसमें 500 से अधिक सेना के जवान,वेटरन्स और जयपुर के रनर्स ने इस में भाग लिया। एक दौड़ शूरवीरों के नाम थीम पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के शूरवीरों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना और साथ ही फिटनेस व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल हरबिन्दर सिंह वन्द्रा ने रन का फ्लैग ऑफ़ किया। यह दौड़ विजय द्वार, वैशाली नगर से शुरू होकर गाण्डीव स्टेडियम पर समाप्त हुई। जयपुरवासियों की उत्साही भागीदारी ने इसे एक सामुदायिक प्रयास के रूप में स्थापित किया। इस आयोजन का प्रबंधन आईआईईएमआर के तत्वावधान में किया गया।



वेटरन्स के सम्मान में प्रसिद्ध मैराथन चैम्पियन अनीता जानू ने भी इस आयोजन में भाग लिया और धावकों का मार्गदर्शन किया। साथ ही जयपुर के धावकों में जयपुर रनर्स के को-फाउंडर रवि गोएंका और मुकेश मिश्रा सहित जयपुर रनर्स के प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया सहित अन्य कौशल धावक शामिल हुए। यह आयोजन केवल एक फिटनेस इवेंट नहीं, बल्कि देशभक्ति और शूरवीरों के प्रति सम्मान का प्रतीक बना। यह दौड़ भारतीय सेना के वीरों को सम्मान देने और फिटनेस को बढ़ावा देने के प्रयास का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनी। इस दौड़ में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल रहे।

ऑनर रन की तैयारियां जारी

प्रोमो रन के सफल आयोजन के साथ, आगामी 8 दिसंबर 2024 को होने वाली प्रतिष्ठित 'ऑनर रन' की तैयारियां भी जोरों पर हैं। 'एक दौड़ शूरवीरों के नाम' थीम पर आधारित इस ऑनर रन का उद्देश्य भारतीय सेना के शूरवीरों और उनके परिवारों को सम्मानित करना है। मुख्य ऑनर रन में 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की टाइम्ड रन श्रेणियां होंगी, जबकि 3 किमी की नॉन-टाइम्ड दौड़ भी आयोजित की जाएगी। धावक विभिन्न श्रेणियों में भाग लेने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। वेटरन्स के लिए पंजीकरण निःशुल्क है, और नागरिक आयोजन की वेबसाइट पर जाकर अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं।

ब्रीफ खबरें

जन्मोत्सव : आज शाम होगा हरि नाम संकीर्तन

151 कन्याओं का किया गया पूजन, हुई भोजन प्रसादी

जयपुर। आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में सदगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज के पंच दिवसीय जन्मोत्सव के द्वितीय दिवस रविवार को कन्या भोज का विशाल आयोजन किया गया। प्रातःकाल की मधुर वेला में नित्य नियम प्रार्थना, संत महात्माओं द्वारा सत्संग प्रवचन, गुरु महाराज की प्रवचन कैसेट के श्रवण के पश्चात 10 बजे कन्या भोज का विशाल आयोजन किया गया। विशाल कन्या भोज आयोजन में 151 नन्ही-नन्ही कन्याओं का पूजन कर भोजन करा, कई प्रकार के उपहार एवं भेंट दी गई। इस अवसर पर



स्वामी मनोहर लाल, संत मोहन लाल महाराज (संत मोनूराम) महाराज संत नवीन संत गुरुदास, संत हरीश, आदि संत महात्मा उपस्थित रहे।

लघु कथा

बताया बड़प्पन का रास्ता

स्वामी रामतीर्थ महान संत होने से पहले गणित के अध्यापक भी थे। एक बार की बात है, वह क्लास में पढ़ा रहे थे। उन्होंने देखा कुछ विद्यार्थी आपस में लड़ रहे हैं। यह उन्हें अच्छा नहीं लगा। उन्हें लगा कि मेरे विद्यार्थी आपस में वैर भाव रखते हैं। विद्यार्थी को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि आंतरिक ज्ञान भी होना आवश्यक है। वह विद्यार्थियों को यह बात समझाना चाहते थे, पर उस दिन कुछ नहीं बोले। कुछ दिन बाद उन्होंने ब्लैक बोर्ड पर चॉक से एक लाइन खींची और विद्यार्थियों से कहा, 'आओ, मैंने जो यह लाइन खींची है, इसे छोटा करो।' एक विद्यार्थी ब्लैक बोर्ड के पास आया और वह उस लाइन को पोंछने लगा। इस पर रामतीर्थ बोले, 'नहीं, बिना हाथ लगाए इसे छोटा करो।' दूसरे विद्यार्थी ने कहा, 'महाशय, हम इसे काटकर ही तो छोटा कर सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'नहीं इस लाइन को काटना नहीं, इसे पोंछना भी नहीं है।' किसी विद्यार्थी की समझ में यह बात नहीं आई। सबने कहा, 'यह कैसे संभव हो सकता है?' स्वामी रामतीर्थ ने पहली वाली लाइन के नीचे एक और लाइन खींच दी, जो पहली वाली लाइन से बड़ी थी। अब विद्यार्थियों की तरफ देखकर वह बोले, 'देखो, अब पहली वाली लाइन छोटी हुई कि नहीं?' सभी विद्यार्थियों ने सहमति में सिर हिलाया। उन्होंने कहा, 'तुम भी ऐसा कर सकते हो। तुममें भी वह शक्ति है, तुम में भी वह ज्ञान है, लेकिन ईर्ष्या की वजह से तुम यह देख नहीं पा रहे।' स्वामी रामतीर्थ ने विद्यार्थियों को समझाया, 'यदि तुम्हें दूसरों से आगे बढ़ना है तो अपने गुण से अपने कार्य में, अपनी कला-कौशल में इस लंबी लाइन की तरह बढ़ जाओ। हम दूसरों को बिना हटाए भी आगे बढ़ सकते हैं। आप सभी अपने गुणों को निखारें, एक-दूसरे की सहायता करने का प्रयास करें। इसी से आप बड़ा बन पाएंगे।

प्रस्तुति : सरोज श्रीमाली

मां दुर्गा पूजा में दर्पण विसर्जन संपन्न

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

प्रोबासी बेंगाली कल्चरल सोसायटी द्वारा जय क्लब, जयपुर में इस साल भी दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े उत्साह से किया गया। दुर्गा पूजा महोत्सव में सुबह दर्पण विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। सोसायटी के मानद अध्यक्ष डॉ एस. के. सरकार ने बताया कि दुर्गा पूजा में दर्पण विसर्जन का विशेष महत्व होता है। दर्पण विसर्जन का आयोजन देवी दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन से पहले किया जाता है। इस प्रक्रिया में एक दर्पण को देवी दुर्गा के सामने रखा जाता है, जिससे भक्तों को देवी की छवि दिखाई देती है। यह प्रतीकात्मक होता है, क्योंकि इसे देवी की वास्तविक उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है। दर्पण विसर्जन का धार्मिक महत्व यह



है कि यह भक्तों को याद दिलाता है कि देवी दुर्गा का आशीर्वाद और शक्ति उनके साथ हमेशा बनी रहती है, भले ही मूर्ति का विसर्जन हो जाए। यह विश्वास किया जाता है कि देवी की प्रतिमा जल में विलीन हो जाने के बाद भी, उनकी छवि और आशीर्वाद उनके दिलों में रहेंगे। यह अनुष्ठान विशेष रूप से बंगाली परंपरा में महत्वपूर्ण माना जाता है, जो माँ दुर्गा की विदाई के समय भक्तों के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है। इसके बाद में पारितोषिक वितरण समारोह हुआ जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेताओं उप विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रतिमाओं के विसर्जन, उद्घोष के साथ संपन्न हुई दुर्गा पूजा

जयपुर कालीबाड़ी सोसायटी की ओर से मालवीय नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर में विगत बुधवार महाषष्टि के दिन से मनाए जा रहे पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का रविवार दशमी को महिलाओं द्वारा मां दुर्गा के साथ सिंदूर खेला व मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। सिंदूर खेला में महिलाओं ने मां दुर्गा के साथ ही एक दूसरे को सिंदूर लगाया व मंगल कामना की। मां दुर्गा के साथ सिंदूर खेला के लिए महिलाओं ने कतार में घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार किया।

विसर्जन के दौरान समाज के लोगों ने जय दुर्गा माई की , आशचे बोछोर आबार होबे (आगामी वर्ष फिर से होगा) का उद्घोष किया।

गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

जयपुर। अग्र पीठाधीश्वर मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र दास महाराज के श्री अग्रपीठ पट्टाभिषेक महोत्सव के उपलक्ष में रविवार शाम को रैवासा धाम के नए पीठाधीश्वर संत राजेंद्र दास महाराज गाजे बाजे और लवाजमे के साथ शोभायात्रा के रूप में जनता जनार्दन का आशीर्वाद और शुभकामना लेने निकले। छोटी चौपड़ के सीतारामजी मंदिर से रवाना हुई शोभायात्रा में संत राजेन्द्र दास जी महाराज फूलों से सजी बग्घी में विराजमान रहे। जगह जगह उनका माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विभिन्न समाजों, व्यापार मंडलों की ओर से बनाए गए स्वागत मंच से लगातार पुष्प वर्षा होती रही। हाथी , घोड़े, ऊंट, बैंड वादन के साथ निकली शोभायात्रा जैसे जैसे आगे बढ़ती गई वैसे वैसे लोगों का हुजूम जुड़ता रहा। शोभा यात्रा त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, हवा महल बाजार, सिरह ड्योढ़ी बाजार, जलेबी चौक होते हुए गोविंददेवजी मंदिर पहुंची।

तीन दिवसीय गरबा महोत्सव सम्पन्न



जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

पत्रकार कॉलोनी के समीप विधानसभा नगर में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव एवं रावण दहन का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी कॉलोनी निवासियों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। आयोजन की संयोजिका श्रीमती अलका शर्मा ने कहा कि, तीन दिवसीय महोत्सव में भजन संध्या, कन्या भोजन, गरबा और रावण दहन आदि कार्यक्रम रखे गए। इस तरह के आयोजन हमें हमारी संस्कृति के समीप लाते हैं और हमारी नई पीढ़ी को सीखने के लिए इससे अच्छा अवसर नही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विप्र सेना की राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पूनम आचार्य रहीं तथा विशेष अतिथि हेमा सिंघानिया एवं डॉ. मंजू सक्सेना रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलोनी के अध्यक्ष बृज सुंदर शर्मा ने की। विशेष सहयोग अंजू सैनी का रहा। इसके अलावा जानकी द्विवेदी, मधु कुमावत भारती, अरुणा भारद्वाज सीमा, कुसुम, राधिका, प्रीति, जया, मीनाक्षी सहित सभी महिलाओं कार्यक्रम में भाग लिया। निरंजन सैनी, योगेश सैनी, देवेंद्र, हिमांशु आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

पिंजरापोल गौशाला : समूह में महिलाएं बना रही है प्रतिदिन पांच हजार इको फ्रेंडली दीये

गाय के गोबर के बने दीपक करेंगे घर आंगन को रोशन

जागो इंडिया जागो
मनोज अवस्थी

जयपुर। सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में स्थित सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में महिलाएं गाय के गोबर से इको फ्रेंडली दीपक बना रही हैं। पर्यावरण संरक्षण और महिला स्वयं सहायता समूहों को रोजगार उपलब्धता कराने की दिशा में गोबर से बने दीए को अहम माना जा रहा है। राजधानी जयपुर सहित बीकानेर, भीलवाड़ा, श्रीडूंगरगढ़ के शहरों की गोशालाओं में गाय के गोबर से दीपक बनाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी



ये जुड़ी महिलाओं ने ऑर्गेनिक पार्क में गाय के गोबर को आर्थिक और समाजिक स्थिति मजबूत करने का जरिया बना लिया है। ये महिलाएं गोबर के आकर्षक दीए बनाने के साथ-साथ लक्ष्मी व गणेशजी की मूर्ति सहित कई तरह की कलात्मक चीजें भी बना रही हैं।

प्रतिदिन 25000 दीये बनाने का लक्ष्य

हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की अध्यक्ष मोनिका गुप्ता ने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक गोमाता के गोबर में लक्ष्मी जी का वास है, इसलिए हमारा लक्ष्य 25000 दीये बनाने का है, ताकि लोग गाय के गोबर का महत्व जानें। उन्होंने बताया कि अब तक तेलंगाना, गुजरात, दिल्ली व हरियाणा राज्यों में गाय के गोबर के दीयों की डिमांड बढ़ रही है। होलसेल में 250 रुपए प्रति सैकड़ा की दर से बिक रहे हैं।

एक मिनट में चार दीये तैयार

दीपक बनाने के लिए पहले गाय के गोबर को इकट्ठा किया जाता है। इसके बाद करीब ढाई किलो गोबर के पाउडर में एक किलो प्रीमिक्स व गोंद मिलाते हैं। गीली मिट्टी की तरह छानने के बाद इसे हाथ से गूंथा जाता है। शुद्धि के लिए इनमें जटा मासी, पीली सरसों, विशेष वृक्ष की छाल, एलोवेरा, मैथी के बीज, इमली के बीज आदि को मिलाया जाता है। इसमें 40 प्रतिशत ताजा गोबर और 60 प्रतिशत सूखा गोबर इस्तेमाल किया जाता है। इसके बाद गाय के गोबर को दीपक का खूबसूरत आकार दिया जाता है। एक मिनट में चार दीये तैयार हो जाते हैं। इसे दो दिनों तक धूप में सुखाने के बाद अलग-अलग रंगों से सजाया जाता है। प्रतिदिन 20 महिलाएं 5000 हजार दीपक बना रही हैं। इन प्रत्येक महिला को प्रतिदिन 350 रुपए मिल रहे हैं।

अथः धर्म-वीथिका

यतो धर्मः ततो जयः धर्मो रक्षति रक्षितः।।

।। अथ द्वादशोऽध्यायः।। श्रीभगवानुवाच
क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ।।5।।



भावार्थ : अव्यक्त, निराकार स्वरूप के प्रति आसक्त मन वाले मनुष्यों को परमात्मा की प्राप्ति अत्यधिक कष्ट पूर्ण होती है क्योंकि जब तक शरीर द्वारा कर्तापन का भाव रहता है तब तक अव्यक्त परमात्मा की प्राप्ति दुखप्रद होती है।

आज का विचार

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते।।



अर्थात अपने काम में मग्न व्यक्ति को सदा सुख की प्राप्ति होती है। वह सदैव धन-संपत्ति से भरा पूरा रहता है। इसके साथ उसे यश, मान-सम्मान भी निरंतर मिलता रहता है। व्यक्ति को दूसरों के कार्य से अधिक अपने कर्मों की चिंता करनी चाहिए।

अथः पंचांगम्

दिनांक 14 अक्टूबर, 2024, सोमवार

आश्विन शुक्ल एकादशी 6:41 पूर्वाह्न तक, **नक्षत्रः** शतभिषा-पूर्वभाद्रपद, **योगः** गण्ड-वृद्धि, **करणः** विष्टि-बव-बालव-कौलव, **सूर्योदयः** 6:24 प्रातः, **सूर्यास्तः** 6:00 शाम, **चंद्र राशिः** कुंभ, **सूर्य राशिः** कन्या, **ऋतुः** शरद, **कलि युगाब्दः** 5126, **विक्रम संवत्:** 2081, **शक संवत्:** 1946, **राहु कालः** 7:53 से 9:20 पूर्वाह्न तक, (राहुकाल में शुभ कार्य नहीं करना चाहिए), मानक स्थलः **जयपुर**

राशिफल

मेष

पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

वृषभ

मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

मिथुन

लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

कर्क

बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

सिंह

संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

कन्या

शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी।

तुला

वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

वृश्चिक

तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

धनु

आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

मकर

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

कुंभ

मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

मीन

रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें।

उक्त राशिफल सूर्य, चंद्र व ग्रहों की संस्थितियों पर आधारित है। कोई विशेष प्रयोजन हो तो जातक की जन्मकुंडली के आधार पर निर्णय लेना चाहिए

- शास्त्री प्रमोद श्रीमाली

एग्जिबिशन में दिखेगी शहर की विरासत

17 से 20 नवम्बर तक लगेगी प्रदर्शनी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का तीसरा सीजन आयोजन 17 नवंबर से होटल आईटीसी राजपुताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में भव्य एग्जिबिशन आयोजित होने जा रही है। एग्जीबिशन में पुराने और नए जयपुर की तस्वीरें देख सकते हैं। तस्वीरों में जयपुर के हेरिटेज मॉन्यूमेंट, वॉल सिटी, मंदिर, फेस्टिवल, शहर की पुरानी गलियां, कल्चर की बेहद खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलेंगी। एग्जीबिशन में कई विंटेज कैमरे भी डिस्प्ले होंगे। एग्जीबिशन में सिर्फ जयपुर की ही तस्वीरों को डिसप्ले किया जाएगा। जयपुराइट्स पुरानी ब्लैक एंड वाइट तस्वीरें और नए जयपुर की तस्वीरों को देख सकते हैं। एग्जीबिशन में सभी फोटोग्राफर और मोबाइल फोटोग्राफर भी पार्टीसिपेट कर सकते हैं।



फोटोग्राफ्स की एंट्री 30 नवंबर तक, निशुल्क मिलेगा प्रवेश

संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस पर जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना है। इस एग्जीबिशन का उद्देश्य है, जयपुर की विरासत देश विदेश में काफी जानी जाती है, इसलिए आज के यूथ और आम लोगों तक जयपुर की खूबसूरत सुंदर तस्वीरों के जरिए दिखाया जाए और जयपुर के टूरिज्म को प्रमोट किया जाए। 30 नवंबर तक फोटो की एंट्री ली जा रही है। जयपुर की तस्वीरें भेज सकते हैं। एग्जीबिशन को देखने के लिए एंट्री निशुल्क है।

जेकेके में 27वां लोकरंग समारोह 18 से

11 दिवसीय महोत्सव में दिखेगा देश की संस्कृति का मनोरम स्वरूप

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र की ओर से 18 से 28 अक्टूबर तक देश की लोक कलाओं को समर्पित 11 दिवसीय लोकरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत की मनोरम लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाले लोकरंग में राजस्थान समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे। राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह के अंतर्गत जेकेके स्थित शिल्पग्राम के डूंगरपुर हट के मंच पर शाम 5 से 6:30 बजे और ओपन एयर थिएटर के मंच पर प्रतिदिन सायं 7 बजे से लोक कला से जुड़ी प्रस्तुतियां होंगी। शहनाई-नगाड़ा वादन, बहुरूपिया, कठपुतली कला की प्रस्तुतियां दिनभर जारी रहेंगी। शिल्पग्राम में राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला लगेगा।



हस्तशिल्प उत्पादों की स्टॉल्स और नृत्य-गायन की प्रस्तुतियां भी

दस्तकारों की ओर से हस्तशिल्प उत्पादों की स्टॉल्स लगायी जाएगी, नृत्य व गायन प्रस्तुतियां देखने के साथ आगंतुक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के सचिव और जवाहर कला केन्द्र के महानिदेशक रवि जैन ने बताया कि लोकरंग महोत्सव लोक जगत में प्रचलित कलाओं को आमजन के सामने लाकर रखता है, इनमें से कई कलाएं ऐसी हैं, जो विलुप्ति की कगार पर हैं, ऐसे में यह आयोजन कला प्रेमियों के लिए विशेष महत्व रखता है।

गाड़ी बेकाबू होकर पलटी, छह घायल

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

चौमूं के एनएच 52 स्थित भोजलावा कट के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो कैंपर गाड़ी अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई। हादसे में 6 मजदूर घायल हो गए। सूचना मिलने पर टांटियावास टोल प्लाजा की हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार बोलेरो कैंपर गाड़ी मजदूरों को लेकर जयपुर से सीकर की ओर जा रही थी। इसी दौरान हाईवे पर अचानक गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई और गाड़ी पलटने के दौरान गाड़ी के टायर भी खुलकर अलग हो गए। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चौमूं थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त गाड़ी को साइड में हटवाकर यातायात को सुचारु करवाया गया। फिलहाल सभी घायलों का चौमूं के निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

तीन वाहन भिड़े, युवक घायल

चौमूं के नेशनल हाईवे उदयपुरिया मोड़ पर एक साथ तीन वाहनों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक राहगीर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर चौमूं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से साइड में हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया गया।

गांजा-स्मैक की तस्करी के मामले में महिला अरेस्ट

जयपुर। बगरू थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा-स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है और उसके पास से गांजा और स्मैक सहित ब्रिकी राशि के 29 हजार रुपए भी बरामद किए है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा और स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर कृष्णा सांसी निवासी टोडारासिंह जिला टोंक हाल दहमी कला बगरू जयपुर को रीको एरिया बगरू से गिरफ्तार किया है और उसके पास से पुलिस ने 159 ग्राम 3 मिली ग्राम गांजा और 9 ग्राम 5 मिलीग्राम स्मैक बरामद की है। साथ ही ब्रिकी राशि के 29 हजार रुपए भी जब्त किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

शिप्रापथ थाना इलाके में अस्पताल के पीछे मिला शव

हत्या कर युवक के शव को कट्टे में डालकर नाले में फेंका

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

शिप्रापथ थाना इलाके में रविवार को नाले में कट्टे में शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मुर्दाघर में रखवाया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। युवक की अन्यत्र स्थान पर हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है। पुलिस के अनुसार शरीर पर चोट के कई निशान मिले है। शव कई दिन पुराना होने के कारण बदबू मारने लग गया था और पानी में रहने से वह बुरी तरह से फूल गया था। पुलिस के अनुसार सीके बिरला हॉस्पिटल के पीछे नाले में एक युवक का शव मिला है। शव कट्टे में लिपटा हुआ था। शव मिलने की सूचना पर शिप्रापथ थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। पुलिस फिलहाल मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। थानाधिकारी सीआई अमित कुमार ने बताया कि दोपहर 2 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना मिली। क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों ने नाले में शव देखा है। मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। शव को कट्टे से बाहर निकाल मृतक की फोटो खींचकर आसपास के थाना इलाकों में भिजवाई गई। शिप्रापथ इलाके में ठेला लगाने वालों से भी मृतक के बारे में पूछताछ की जा रही है। शिनाख्त होने पर आगे का अनुसंधान किया जाएगा। शरीर देख कर लग रहा है कि शव किसी बंगाल या नेपाल के व्यक्ति का है। सिर के बीच में बाल नहीं हैं। वहीं पीछे के बाल लंबे हैं। हाइट 5 फीट 6 इंच है।



ब्रीफ खबरें

प्री-इंवेस्टमेंट समिट आज, 45 हजार करोड़ से ज्यादा के करार होंगे

जयपुर। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में सोमवार को जयपुर के होटल आईटीसी राजपूताना शेरेटन में सोमवार को प्रातः 9 बजे राइजिंग राजस्थान के तहत नगरीय विकास विभाग की प्री-इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि राइजिंग राजस्थान, राज्य के अभूतपूर्व, समावेशी और सतत आर्थिक एवं सामाजिक विकास तथा लोगों के कल्याण के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी की दिशा में राज्य का मिशन है। उन्होंने बताया कि मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली प्री-इंवेस्टमेंट समिट में दुनियाभर के निवेशक शिरकत करेंगे। समिट में ही 25 बड़े निवेशक राज्य सरकार के साथ 45 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश करारों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश कुमार यादव, निदेशक कुमार पाल गौतम सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी भी शिरकत करेंगे।

बाबा सिद्दीकी की हत्या कानून व्यवस्था की विफलता : पायलट

जयपुर। मुंबई में अजीत पवार गुट की एनसीपी पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद पूरे देश में उबाल है। विशेषतौर पर राजनीतिक दल के नेता इस हत्या के विरोध में अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने भी बाबा की हत्या को लेकर बड़ा बयान दिया है। सचिन पायलट कहा, हत्या की खबर से स्तब्ध हूं। सरेआम गोलीबारी एवं हत्या की यह घटना सीधेतौर पर कानून व्यवस्था की विफलता है। इस दुःख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

नाबालिग छात्रा का अपहरण

जयपुर। शिप्रापथ थाना इलाके में नाबालिग छात्रा को किडनैप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई रामरतन ने बताया कि अग्रवाल फार्म मानसरोवर निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी 17 साल की बेटी का किडनैप हुआ है। 8 अक्टूबर को नाबालिग बेटी घर से सहेली के पास किताब लेने की कहकर गई थी। अंधेरा होने पर भी बेटी घर नहीं लौटी तो उसे खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिली। 9 अक्टूबर को एक युवक ने उनके मोबाइल पर कॉल किया। कॉल करने वाले ने धमकी दी कि अगर तूने कोई भी शिकायत पुलिस थाने में दी तो तेरी बेटी को जान से मार देंगे। धमकी मिलने से बहुत घबरा गया। तीन दिन तक बेटी से बात नहीं हुई। अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकी भरे कॉल कर बेटी को जान से मारने की धमकी दे रहे। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

दोस्ती गांठ कर युवती से रेप

जयपुर। करधनी थाना इलाके में दोस्ती कर एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। मामले की जांच थानाधिकारी हरीश चन्द सोलंकी कर रहे हैं।पुलिस ने बताया कि एक 28 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि काफी समय पहले उसकी मुलाकात सुभाष से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी सुभाष ने उससे दोस्ती कर ली। दोस्ती का फायदा उठाकर मिलने के बहाने उसे बुलाया। मिलने जाने पर धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसे साथ रेप किया। रेप के दौरान उसके अश्लील वीडियो मोबाइल में बना लिए। होश आने पर विरोध करने पर उसे अश्लील वीडियो दिखाए। किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। करधनी थाने में पीड़िता ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने रेप और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छेड़छाड़ से नाबालिग छात्रा परेशान

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार झालाना मार्ग निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 13 साल की बेटी के साथ दिनेश कुमावत छेड़छाड़ करता है। इससे उसकी बेटी काफी परेशान हो गई थी। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उसके परिजनों को सारी घटना बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। आरोप है कि दिनेश कुमावत विकलांग है और वह रोजाना बाजार से घर आने के दौरान पीड़िता का पीछा करता था इस दौरान आरोपी गंदे इशारे और हरकतें करता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसीपी गांधी नगर नारायण कुमार बाजिया कर रहे हैं।

48 घंटे बाद पाली में मिली जयपुर से चोरी हुई कार

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने चोरी की कार को 48 घंटे में पाली से खोज निकाला। पुलिस ने टोल और क्राइम सीन के आसपास लगे सीसीटीवी से कार को ट्रेस किया। पुलिस ने कार को बरामद कर आरोपी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि 12 अक्टूबर को महेश वाघवानी ने सदर थाने में मामला दर्ज करवाया था कि वह विद्याधर नगर में रहते हैं। उनकी कार होटल श्रीनाथ के पास खड़ी थी। 8 अक्टूबर को रात 10 बजे कार वहां नहीं मिली। उन्होंने 12 अक्टूबर को सदर थाने में कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट मिलने पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज और टोल पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। इस पर पुलिस को टोल और आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से फुटेज मिली। इस पर काम करते हुए पुलिस ने कार का पीछा करना शुरू किया। पुलिस टीम को कार पाली जिले के रोहट में शिव शक्ति होटल के पास सड़क किनारे पर मिली। इस पर टीम ने कार के पास खड़े चेतन सिंह चौहान से सख्ती से पूछताछ की। तो उसने गुनाह कबूल लिया।

चलती कार में फिर लगी आग, लोगों ने पाया काबू





जयपुर। अजमेर रोड पर रविवार को पुरानी चुंगी के पास एक चलती कार में आग लग गई। धुआं निकलता देखकर चालक ने कार रोकी। आसपास मौजूद लोगों ने फायर यंत्र से आग पर काबू पाया। आग से कार के आगे का एक बड़ा हिस्सा जल गया। शनिवार को सोडाला में भी इसी तरह का हादसा हुआ था।

एक आरोपी गिरफ्तार, कार व देशी कट्टा बरामद, महिला सहित पांच लोग नामजद

अपहरण की घटना निकली सेक्सटोर्शन

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

सदर थाना पुलिस ने अपहरण के मामले में एक बदमाश को अरेस्ट किया है। अपहरण और सेक्सटोर्शन मामले में पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों को नामजद किया है।

पुलिस के अनुसार राजीव कुमार 10 अक्टूबर को दिल्ली से रवाना होकर जयपुर पहुंचा था। रेलवे जक्शन पहुंच कर उसने एक ऑनलाइन कार बुक की। रेलवे स्टेशन से कार में बैठकर वह जगतपुरा अपने ताऊजी के मकान पर जाने के रवाना हो गया। उबेर चालक ने गांधी नगर से एक अन्य व्यक्ति को बैठा लिया। चालक कार को उसके निवास स्थान की



बजाय प्रतापनगर सुनसान स्थान पर ले गया। वहां पर पहले से तीन गाड़ियां और खड़ी थीं। कार से उतारकर आरोपी उसे एक खाली फ्लैट में ले गए। यहां पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और हथियार दिखाकर उसके कपड़े उतरवा दिए। बदमाशों ने महिला के साथ उसके अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। बदनाम करने की धमकी देकर आरोपियों ने उससे 25 हजार रुपए की नकदी, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड छीन लिए। उसके फोन में पेटीएम एप डाउनलोड कर उसके खाते से ऑनलाइन 95000 रुपए ट्रांसफर कर लिए। इसके अलावा बदमाशों ने उसके एटीएम से पांच हजार रुपए भी निकाल लिए। इसके बाद बदमाश उसे सूर्यनगर स्थित एक मकान में ले गए और वहां पर भी उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद बदमाशों ने घर पर फोन कर पांच लाख रुपए लेकर आने को कहा। आरोपी उसे कार में बैठाकर सुमेल की तरफ होते हुए जमवारामगढ़ टहला होते हुए महुआ ले गए। आरोपियों ने उसके घरवालों को मुहआ बायपास पर बुलाया। वहां पर परिजनों ने पांच लाख रुपए देकर उसे छुड़वाया।

राजस्थान के टैलेंट को मिलेगा मौका

जयपुर। एक्टर जगत सिंह अब बतौर डायरेक्टर बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। उनकी ही लिखी फिल्म क्रिस्पी रिश्ते 18 अक्टूबर को जियो सिनेमा के जरिए ओटीटी पर रिलीज होगी। जयपुर आए जगत ने कहा कि किसी भी फिल्म की आत्मा उसका संगीत होता है, ऐसे में हमने फिल्म के एक-एक गाने पर महीनों तक मेहनत की है। ये हमारी खुशनसीबी है कि भले ही आज प्लेबैक सिंगर केके हमारे बीच नहीं रहे, मगर उनके गाए गए आखिरी नगमों में से एक इस फिल्म का भी हिस्सा है। बॉलीवुड सिंगर्स श्रेया घोषाल, मोहित चौहान, पेपॉन, साबरी ब्रदर्स, केके, जुबिन नौटियाल, नक्कश अजीज, ऋचा शर्मा, अल्तमश फरीदी ने इस फिल्म को खास बनाया है। फिल्म में 15 गानें होने के बाद भी फिल्म म्यूजिकल नहीं लगेगी। सभी गाने फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाएंगे।



सभी राजनेता बयानों से बाज आएं, पहले अपराधियों पर लगाम लगाएं

एनसीपी (अजित पवार) गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने शिंदे सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, बाबा सिद्दीकी की हत्या होना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही यह दिखाता है कि महाराष्ट्र में जो कानून व्यवस्था है वो पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा सिद्दीकी ने 15 दिन पहले कहा था कि उनको जान से मारने की धमकियां आ रही है और इसी के चलते उन्हें वाई कैटेगरी की सिक्योरिटी दी गई थी। शिवसेना नेता ने कहा, खुफिया एजेंसियों का बांद्रा जैसे इलाके में यह काफी बड़ा फेलियर है और कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। दूसरी तरफ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह भयावह घटना महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था के पूर्ण पतन को उजागर करती है। उधर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, 'यह घटना कठोर निंदनीय है। जांच जारी है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री समेत पूरा प्रशासन इस पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। गंभीरता से कार्रवाई हो रही है और दो संदिग्धों को रात को ही गिरफ्तार कर लिया गया है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे, कठोर कार्रवाई होगी। मेरा निवेदन है कि इस मामले पर राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करें।' अब समझ में यह नहीं आ रहा है कि आखिर राजनैतिक रोटियां कौन सेंक रहा है। क्योंकि हमारी खुफिया एजेंसियों का फेलियर का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी बड़े-बड़े आतंकी हमले मुम्बई व देश के अन्य भागों में हुए थे। तब तो देश में भी सरकार कांग्रेस की ही थी। क्या तब हमारी खुफिया एजेंसियों को जानकारी हो पाई थी कि हमले होने वाले हैं। दरअसल जब कोई घटना होती है तो हमारे राजनेता अपने लाभ के लिए घटना को हमारी एजेंसियों का फेलियर बताकर सरकार को घेरना शुरू कर देते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल मिलकर ऐसी घटनाओं की निंदा भी करें और देश में अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के प्रयास करें। लेकिन हमारे यहां हर बात में अपने लाभ का गणित ही देखा जाता है। मुम्बई, दिल्ली से लेकर जयपुर तक में आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जाता था और हमारे नेता हमें सब्र की सीख ही दिया करते रहे हैं। ऐसी घटनाओं के लिए सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाना तो गलत नहीं है, लेकिन राजनेताओं को अपने गिरेबां में भी जरूर झांकना चाहिए। अपराध किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए, लेकिन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी दलों को एक साथ आना चाहिए। पर शायद हमारे देश में ऐसा संभव ही नहीं है। कई बार तो ऐसा लगता है कि हमारे नेताओं की मंशा अपराधियों पर लगाम लगाने की है ही नहीं, वे तो सबमें अपना लाभ ही देखेंगे। सवाल यह भी लाजिमी है कि आखिर अपराधियों को संरक्षण कौन देता है। बिना राजनीतिक संरक्षण के अपराधियों के हौसले बुलंद हो ही नहीं सकते। इस पर कोई विचार क्यों नहीं करता?

बाजार का आकलन सीखें, होड़ में टिके रहने के लिए बेहतर गुणवत्ता व विश्वनीयता जरूरी है

ऑनलाइन मार्केटिंग के चलते पारम्परिक दुकानदार बेहाल



राकेश गांधी
वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक

ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रभाव से लोग चीजों की वास्तविक कीमतों को लेकर काफी भ्रमित रहने लगे हैं। हालात ये है कि लोग कम्पनियों की मार्केटिंग रणनीति नहीं समझ पाते और डिस्टाउंट देखकर गैर जरूरी चीजें खरीदने को प्रेरित हो जाते हैं। ये ही नहीं ऑनलाइन मार्केटिंग के इस प्रभाव से पारम्परिक दुकानदारों को भी काफी खमियाजा भुगतना पड़ा है और धीरे- धीरे बाजार में उनका प्रतिनिधित्व घटता जा रहा है। पिछले साल के आंकड़े पर नजर डाले तो 12 से 15 प्रतिशत हिस्सा इन पारम्परिक दुकानदारों के हाथ से निकल चुका है। अभी भी ये दुकानदार स्मार्ट मार्केटिंग की रणनीति पर काम नहीं करते हैं, तो उनका बाजार में टिके रहना भी मुश्किल होगा। आम ग्राहकों को भी ये जानना जरूरी है कि ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स में दिखाए जाने वाले बड़े डिस्काउंट हमेशा वास्तविक नहीं होते। ये चिंतन का विषय होना चाहिए कि एक उत्पाद पर एक मुफ्त या 70 से 75 प्रतिशत का डिस्काउंट कैसे संभव है? इसका मतलब उत्पाद की एमआरपी तय करने पर किसी का नियंत्रण ही नहीं है। हालांकि अभी भी आम लोगों का भरोसा अपनी नियमित पारम्परिक दुकानों पर ही रहता है, फिर भी कई बार इन दुकानों पर उन्हें चीजें खरीदना महंगा प्रतीत होता है। ऐसे में वे डिस्काउंट जैसे विज्ञापनों को देखकर ऑनलाइन मार्केटिंग के प्रति खिंचे चले जाते हैं। ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रभाव के बावजूद पारम्परिक दुकानदार यदि प्रतिस्पर्धा में बने रहना चाहते हैं तो उन्हें व्यक्तिगत संपर्क और अनुकूल सेवाओं के साथ ही वे भी अपने ग्राहकों को एक सोशल मीडिया पेज बनाकर ऑनलाइन उपस्थिति बना सकते हैं। हालांकि काफी दुकानदारों ने ऐसा शुरू भी कर दिया है। वे ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री का मिश्रण अपना सकते हैं। उन्हें अपनी दुकानों को स्थानीय बाजार की जरूरतों के अनुसार ढालने, डिजिटल पेमेंट्स, त्वरित डिलीवरी के साथ ही उत्पाद की बेहतर गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। ये सही है कि ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स ने ग्राहकों को कम दामों में चीजें उपलब्ध कराई हैं, क्योंकि इन प्लेटफार्मों पर बड़े पैमाने पर बिक्री और अधिक प्रतिस्पर्धा होती है। इसके अलावा, थोक में उत्पाद खरीद से उन्हें कम कीमत पर सामान मिल जाता है। साथ ही, ऑनलाइन स्टोर्स में भौतिक दुकानों जैसी लागत (जैसे किराया, बिजली, स्टाफ आदि) कम होती है, जिससे उनकी कीमतें भी कम रहती हैं। इसलिए पारम्परिक दुकानों पर ग्राहकों को खास महसूस होना चाहिए और उनसे फीडबैक लेते रहना चाहिए। साथ ही मांग के अनुसार उत्पादों की श्रेणियां बदलना, ताजा स्टॉक और नए ट्रेंड्स तत्काल अपनाना भी हित में रहता है। ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स में "बड़ा डिस्काउंट" दिखाने की रणनीति ग्राहकों को आकर्षित करने का एक तरीका है। ये कंपनियां या विक्रेता उत्पाद की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाकर दिखाते हैं, फिर उस पर भारी डिस्काउंट दिखाते हैं। असल में वह छूट उतनी बड़ी नहीं होती। 'लिमिटेड स्टाक' या 'कुछ ही उत्पाद शेष' जैसे जुमले भी कृत्रिम ही होते हैं। ऐसे प्लेटफार्म पर ग्राहक समीक्षाएं भी कई बार कारगर साबित होती हैं। ग्राहकों को खरीदारी करने के दौरान विभिन्न प्लेटफार्म पर उपलब्ध उत्पादों का तुलनात्मक अध्ययन करना चाहिए। भारत में उत्पाद पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) वास्तविक कीमत नहीं होती, बल्कि यह एक सीमा होती है, जिससे अधिक मूल्य पर विक्रेता उसे नहीं बेच सकता। इसीलिए कई बार विक्रेता एमआरपी से कम कीमत पर उत्पाद बेच देते हैं। भारत में भले ही ये ऑनलाइन प्लेटफार्म बढ़ रहे हों, लेकिन कई पुराने दुकानदार केवल अपनी विश्वनीयता और कम मुनाफे के प्रयास के चलते आज भी ग्राहकों के दिलों पर राज कर रहे हैं। यदि हर गली- मोहल्ले के पारम्परिक दुकानदार इस रणनीति को व्यवसाय में अपना लें तो उनकी जड़ों को उखाड़ना तो दूर, हिलाना भी मुश्किल होगा।



आम ग्राहकों को भी ये जानना जरूरी है कि ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स में दिखाए जाने वाले बड़े डिस्काउंट हमेशा वास्तविक नहीं होते। मार्केटिंग रणनीति के तहत कीमतों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने और डिस्काउंट दिखाकर ग्राहक को आकर्षित किया जाता है। यह सोचें कि उत्पाद इतना सस्ता कैसे बेचा जा सकता है।

व्यंग्य

तेरी छाती में लगी आग मिटाऊं कैसे महाभाग?



डॉ. मनमोहनसिंह यादव
वरिष्ठ व्यंग्यकार



अग्निशमन विभाग को अब और अधिक जागरूक और संवेदनशील होना चाहिए। उसे अब अपने दायरे का विस्तार करना चाहिए। बाहर की लगी आग के साथ-साथ भीतर में लगी आग को बुझाने का कार्यभार भी संभाल लेना चाहिए। समसामयिकी में इस विभाग में कुछ मनोविश्लेषकों की भर्ती होनी चाहिए। आखिर आग बुझाने का मूल कार्य तो इसी विभाग का है। मेरे मित्र मंगतूराम को किसी ने बताया कि इस समय देश में अमृतकाल चल रहा है। पौराणिक काल में अमृतपान के लिए नाहक ही देव और दानवों में संग्राम हुआ। यदि आधुनिक भारत के शासक उस समय सत्तासीन होते तो संग्राम की नौबत ही नहीं आती, देव हो या दानव, पामर हो या पावन सभी को अमृतपान करवा देते। खैर, किसी ने मंगतूराम को बताया कि इस अमृतकाल में बाहर और भीतर की आग बुझाने का संपूर्ण दायित्व विभाग ने अपने कंधों पर ले लिया है। विभाग के इस गूढ़ रहस्य को जानकर मंगतूराम ने टोल फ्री नंबर लगाकर अग्निशमन विभाग के एक कार्मिक से जब आग लगने की बात बताई तो विभाग के कार्मिक ने अपने प्रत्युत्तर में यह कहा- आग कहां लगी है? मंगतूराम बोला, एक आदमी की छाती में आग लगी है। उसने कहा- बाहर या भीतर? मंगतूराम बोला भीतर लगी है। विभाग का कार्मिक बोला भीतर की आग बुझाने का कार्य हम नहीं करते हैं। किसी मनोविश्लेषक से बात करो। कार्मिक की बात को शिरोधार्य करके मंगतूराम ने शहर के एक ख्यातिनाम मनोविश्लेषक से फोन पर बात की तो वह बोला कोई खास बात नहीं है। मैं घर बैठे ही उसकी छाती में लगी आग बुझाने का उपाय बतला देता हूं। जिस कॉलोनी में वह परवाना रह रहा है उस कॉलोनी में रह रहे सभी ऐश्वर्यवान लोगों को तुरत प्रभाव से कॉलोनी से बाहर कर दो तथा उसके इर्दगिर्द कार्ल मार्क्स के सैंकड़ों सर्वहाराओं को खड़े कर दो। उसकी छाती की आग स्वतः ही बुझ जाएगी। मंगतूराम ने कहा महामना, मैं यह उपाय तो कर रहा हूं किंतु मुझे इस आग लगने का कारण तो बताओ, ताकि छाती में लगी आग के कारणों का निराकरण करने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन कर सकूं। वह बोला पड़ोसी नई कार ले आये तो छाती में - आग लग जाती है। रिश्तेदार जमीन खरीद लेता है तो छाती में आग लग जाती है। धूड़ाराम के बेटे की नौकरी लग गई तो छाती में आग लग जाती है। मातादीन ने नया घर बना लिया तो आग लग जाती है। अकूड़ाराम के घर बेटा हुआ तो आग लग जाती है। ईर्ष्या की भट्टी में जल रही आग को न बुझाया गया तो ईर्ष्यालु व्यक्ति जल कर राख हो जाएगा।

मोटिवेशनल मंत्र

जीवन गुणवत्ता सबंधों पर होती है निर्भर



आपके जीवन की गुणवत्ता आपके संबंधों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। इसलिए लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। यह भी ध्यान रहें कि जो लोग आपसे बेहतर हैं, वे आपके ज्यादा काम आ सकते हैं। ऐसे लोगों से कभी रिश्ता खराब नहीं करें। जीवन में आगे बढ़ने का यही रहस्य है। अगर कोई गलती करता है उसे क्षमा कर दें। क्योंकि बुरे समय में वे हमारे काम आएंगे।

चाणक्य नीति

तप एकान्तिक हो

जब आप तप करते हैं तो अकेले में करना चाहिए। अभ्यास करते हैं तो दूसरा साथ होना चाहिए। गायन करते समय तीन लोगों का साथ होना चाहिए और कृषि कार्य सामूहिक रूप से करना चाहिए।

भेजें प्रतिक्रिया और जुड़ें हमसे

एडिट पेज का विशेष प्रयास आपको कैसा लगा इसके बारे में अपनी अमूल्य राय हमें जरूर दें

connect@jagoindiajago.news

98888 88130

प्रेरक प्रसंग

अंधा बना देती है व्यक्ति को बिना मेहनत की आय

एक समय की बात है। एक गांव में एक आदमी आया और उसने गांव वालों से कहा कि वो बन्दर खरीदने आया है और वो एक बन्दर के 10 रुपये देगा। चूंकि गांव में बहुत सारे बन्दर थे, इसलिए गांव वाले तुरंत ही इस काम में लग गए। उस आदमी ने 10 रूपये की कीमत से 1000 बन्दर खरीद लिए अब बंदरों की आपूर्ति काफी घट गयी। धीरे-धीरे गांव वालों ने बन्दर पकड़ने का प्रयास बंद कर दिया। ऐसा होने पर उस आदमी ने फिर घोषणा की कि अब वो 20 रुपए में एक बन्दर खरीदेगा। ऐसा सुनते ही गांव वाले फिर से बंदरों को पकड़ने में लग गए। बहुत जल्द बंदरों की संख्या इतनी घट गयी कि लोग ये काम छोड़ अपनी खेती-बाड़ी में लगने लगे। अब एक बन्दर के लिए 25 रुपये दिए जाने लगे, पर बंदरों की तादाद इतनी कम हो चुकी थी कि पकड़ना तो दूर उन्हें देखने के लिए भी बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। तब उस आदमी ने घोषणा की कि वो एक बन्दर के 50 रुपए देगा। पर इस बार उसकी जगह बन्दर खरीदने का काम उसका सहायक करेगा, क्योंकि उसे किसी ज़रूरी काम से कुछ दिनों के लिए शहर जाना पड़ रहा है। उस आदमी की गैरमौजूदगी में उसके सहायक ने गांव वालों से कहा कि वो पिंजरे में बंद बंदरों को 35 रुपये में उससे खरीद लें और जब उसका मालिक वापस आये तो उसे 50 रुपए में बेच दें। फिर क्या था गांव वालों ने अपनी जमा पूंजी बंदरों को खरीदने में लगा दी और उसके बाद ना कभी वो आदमी दिखा ना ही उसका सहायक, बस चारों तरफ बन्दर ही बन्दर थे। कहानी के माध्यम से बताया गया है कि बिना मेहनत के जब पैसा आता दिखता है तो लोगों की आंखें चौंधिया जाती है और अच्छे-अच्छों की बुद्धि विपरीत हो जाती है। वे तर्कसंगत बात को न सुनकर लाभ कमाने में लग जाते हैं और अपना ही नुकसान करवा देते हैं। व्यापारी ने दस-बीस व पच्चीस रुपए में खरीदे गए बंदर 35 रुपए में बेच दिए और लाभ कमा लिया, लेकिन गांव वालों को अपनी सारी जमा पूंजी लुटवानी पड़ी। इसलिए कहा गया है कि लालची आदमी कभी भी सुखी नहीं हो सकता।



हरजिंदर कौर

हरजिंदर कौर का घर पंजाब के मेहस गांव में है। पिता साहिब सिंह गांव में एक किसान है। वह घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। सिर्फ एक एकड़ जमीन है, जिस पर खेती कर परिवार का गुजारा चलाते हैं। हरजिंदर कौर ने गर्ल्स स्कूल नाभा, पंजाब से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी, पटियाला से कॉलेज की पढ़ाई की।



14 अक्टूबर,1996

देश की भारोत्तोलक, जिसने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में कांस्य पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 119 किलो वज़न उठाकर यह कारनामा किया।

वे वेटलिफ्टिंग से पूर्व कबड्डी और रस्साकशी की राज्य स्तरीय खिलाड़ी रह चुकी हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी, पटियाला में वेटलिफ्टिंग के कोच परमजीत शर्मा ने हरजिंदर की रस्साकशी में प्रतिभा देखकर उन्हें वेटलिफ्टिंग पर ध्यान करने का सुझाव दिया। जिसके बाद हरजिंदर कौर ने वर्ष 2016 से पंजाब यूनिवर्सिटी में वेटलिफ्टिंग कॅरियर की शुरुआत की।

लो, ये भी कम नहीं



स्वर्णिम पन्ने

पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना हुई



भारत के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक, पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की स्थापना 1882 में आज ही के दिन यानी 14 अक्टूबर को लाहौर में हुई थी। 1947 में भारत के विभाजन के बाद विश्वविद्यालय के भाग्य पर पंजाब विभाजन समिति में विचार-विमर्श किया गया था, जिसमें पूर्वी पंजाब के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के विभाजन की वकालत की थी। विश्वविद्यालय की सीनेट ने विश्वविद्यालय को विभाजित करने के लिए मतदान किया और मामला केंद्र में विभाजन परिषद तक पहुंच गया, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका। अपने क्षेत्र के कॉलेजों के लिए कोई विश्वविद्यालय नहीं होने के कारण, पूर्वी पंजाब की सरकार 27 सितंबर 1947 को एक नया विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए अध्यादेश लाने के लिए मजबूर हुई। फिर नया विश्वविद्यालय 1 अक्टूबर 1947 को भारतीय पंजाब के सोलन में "पूर्वी पंजाब विश्वविद्यालय" के रूप में स्थापित किया गया था। प्रशासनिक कार्यालय सोलन में था और शिक्षण विभाग होशियारपुर, जालंधर में था।

एक पंचायत की अनूठी पहल : हर शाम 90 मिनट के लिए घरों में टीवी- मोबाइल हो जाते हैं स्विच ऑफ

ताकि बच्चों का मोबाइल से हटे मोह, लगे पढ़ने में

जागो इंडिया जागो
ओमसिंह राजपुरोहित

पुणे। स्वतंत्रता सेनानियों के इस गांव के लोगों ने स्वच्छता अभियान को व्यवहारिक रूप देने पर राज्य और केंद्र से पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात एक और अनूठी पहल की है। गांव के मंदिर से ज्योंही शाम सात बजे सायरन बजता है, गांव का हर छोटा बड़ा अपने मोबाइल, टीवी, वीडियो यहां तक कि लैपटॉप भी बंद कर देता है। बच्चे पढ़ाई में लग जाते हैं, हर कोई घरेलू या धार्मिक चर्चा में व्यस्त हो जाता है और आठ बजे पुनः सायरन बजता है तभी घरों के टीवी और मोबाइल ऑन होते हैं।



सांगली जिले में तीन हजार से अधिक की आबादी वाले मोहिते वडगांव में डिजिटल डिटॉक्स की ये गतिविधि सफलता की ओर है। गांव के ज्यादातर बच्चे अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों में जा रहे है, साथ ही कोरोना काल में इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा। बच्चों की शिक्षा के प्रति रुचि कम होने लगी। सरपंच विजय मोहिते ने गांव की महिलाओं के साथ बैठक की और बच्चों की पढ़ाई का विषय पेश किया। इस पर सर्वसम्मति से बच्चों को उनके भविष्य के बारे में सोचकर पढ़ने के लिए रोजाना डेढ़ घंटे का समय निर्धारित किया गया।

फैसले की कड़ाई से पालना होती

सामूहिक रूप से शुरू की गई इस अनूठी पहल की पालना भी पंचायत द्वारा कड़ाई के साथ की जा रही है। माता-पिता ध्यान रखेंगे कि इस समय या विधि के दौरान बच्चे घर से बाहर न दिखें। बावजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक और ग्राम पंचायत सदस्यों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अगर कोई बच्चा घर के बाहर पाया जाता है तो उसे पढ़ने की याद दिलाई जाती है।

स्वतंत्रता संग्राम में बड़ा योगदान

विदित रहे मोहिते वडगांव पन्द्रह स्वतंत्रता सेनानियों का कस्बा है। स्वतंत्रता संग्राम में इस गांव के लोगों का भारी योगदान रहा है, साथ ही देश के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर मोहिते वडगांव द्वारा यह क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। खास बात यह कि इस कस्बे में निन्यानवे प्रतिशत लोगों का उपनाम मोहिते है। मोहिते वडगांव में डेढ़ सौ बच्चे प्राइमरी स्कूल में और करीब पांच सौ बच्चे सेकेंडरी स्कूल में पढ़ते हैं। इन बच्चों के भविष्य के बारे में सोचकर पढ़ाई करने के लिए रोजाना डेढ़ घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे विदेशी प्रतिनिधि

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . इस्लामाबाद

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडलों ने रविवार को पाकिस्तान पहुंचना शुरू कर दिया और कार्यक्रम के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद में सेना की तैनाती के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि रूस का 76 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और एससीओ के सात प्रतिनिधि पाकिस्तान पहुंचे हैं। इसके अलावा भारत का चार सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान पहुंच गया है। चीन से 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, किर्गिस्तान से चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और ईरान से दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी इस्लामाबाद पहुंचा है। एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की 23वीं बैठक 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होगी, जिसके लिए अधिकारियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं।

जिला प्रशासन ने नहीं दी इजाजत, पुलिस ने विफल की...

नरसिंहानंद के समर्थन में महापंचायत की कोशिश

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . गाजियाबाद

पैगम्बर मोहम्मद पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे, जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे। पुलिस ने बताया कि नरसिंहानंद के कुछ समर्थकों ने मंदिर तक पहुंचने के लिए अवरोधक हटाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियां भांजते नजर आ रहे हैं।



डासना मंदिर के महंत नरसिंहानंद ने गत 29 सितंबर को पैगम्बर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसका पूरे देश में विरोध किया गया था। इस मामले में नरसिंहानंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। महंत की अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में चार अक्टूबर को अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की भीड़ ने डासना मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया था और कथित रूप से पथराव भी किया गया था। पुलिस ने 11 अक्टूबर को नरसिंहानंद के करीबी सहयोगी और मामले में सह-आरोपी अनिल यादव को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पर लगे श्रद्धालुओं को पीटने के आरोप

नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में संतों के साथ मंदिर के गेट पर धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर के बाहर पुलिस श्रद्धालुओं को पीट रही है। त्यागी ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में आरोप लगाया कि पुलिस ने महापंचायत में शामिल होने जा रहे अनुयायियों को शनिवार रात में ही घर से गिरफ्तार कर लिया। उनका आरोप है कि संतों के लिए दवाइयां लेकर एंबुलेंस में मंदिर की ओर जा रहे डॉ. बीपी त्यागी को भी रोका गया। जब वह एंबुलेंस से उतरकर मंदिर की ओर बढ़े तो उन्हें भी पुलिस ने रोक लिया।

विधायक भी समर्थन में धरने पर बैठे

लोनी से भारतीय जनता पार्टी विधायक नंद किशोर गुर्जर भी नरसिंहानंद के समर्थन में खुलकर सामने आए और उन्होंने भी मंदिर जाने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोका तो वह रास्ते में ही बैठ गए और पंचायत की। उन्होंने मांग की कि रोहिंग्या मुसलमानों को देश से बाहर निकाला जाए और डासना मंदिर पर कथित हमला करने वालों पर एनएसए लगाया जाए। नरसिंहानंद के समर्थकों पर लाठीचार्ज करने के बारे में पूछे जाने पर पुलिस उपायुक्त एन.के. तिवारी ने कहा कि घटना के वीडियो नहीं देखे, वीडियो देखने के बाद अगर जरूरी हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन कर रहे वांगचुक को हिरासत में लिया

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को यहां लद्दाख भवन के बाहर प्रदर्शन करने को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और 20 अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि वांगचुक और उनके साथ अनशन कर रहे करीब 20 से 25 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है एवं उन्हें मंदिर मार्ग थाने ले जाया गया। मौके पर कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने दलील दी कि वे प्रदर्शन नहीं कर रहे थे बल्कि शांतिपूर्वक बैठे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के पास लद्दाख भवन के बाहर बैठने की अनुमति नहीं है। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए अर्जी दी है। उनकी अर्जी पर विचार किया जा रहा है। उन्हें किसी और स्थान पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है, जिन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा।



रत्न भंडार की तकनीकी सर्वे रिपोर्ट जल्द आएगी : हरिचंदन

भुवनेश्वर। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार की तकनीकी सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द ही जारी होने की संभावना है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सितंबर में यह कवायद की थी, जिसमें रत्न भंडार (भगवान जगन्नाथ के खजाने का कक्ष) का ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रेडार (जीपीआर) सर्वेक्षण भी शामिल था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अगले तीन से चार दिनों में जीपीआर सर्वेक्षण रिपोर्ट मिल जाएगी, अगर कीमती सामान का कोई छिपा हुआ भंडार पाया जाता है, तो हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। अन्यथा, एएसआई रत्न भंडार की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम शुरू कर देगा।

बता दें कि, रत्न भंडार को 46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था।

तमिलनाडु ट्रेन भिड़ंत : तीन सदस्यीय दल को इंटरलॉकिंग सिस्टम के यांत्रिक हिस्से खुले मिले

रेलवे की तकनीकी टीम ने जताई गड़बड़ी की आशंका

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

सिग्नल एवं दूरसंचार, इंजीनियरिंग और परिचालन विभाग के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की तीन सदस्यीय तकनीकी टीम ने तमिलनाडु के कवरैप्पेट्टै रेलवे स्टेशन पर दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद गड़बड़ी की आशंका जताई है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि ग्यारह अक्टूबर को ट्रेन संख्या 12578 मैसूरू-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस तमिलनाडु के चेन्नई रेल मंडल के कवरैप्पेट्टै रेलवे स्टेशन पर रात लगभग साढ़े 8 बजे एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिसमें नौ यात्री घायल हो गए थे। निरीक्षण दल से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने पाया है कि इंटरलॉकिंग सिस्टम के यांत्रिक हिस्से खुले हुए थे। आमतौर पर ये हिस्से इंजन और बोगियों के भारी प्रभाव के कारण दुर्घटना के बाद टूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि इंटरलॉकिंग प्रणाली में गड़बड़ी करने वाले व्यक्तियों ने किसी प्रशिक्षित व्यक्ति से जानकारी प्राप्त की थी और अनुभव हासिल करने के लिए पहले कहीं और ऐसा करने का प्रयास किया था। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, 'शुरू में ऐसा लगा कि सिग्नल मुख्य लाइन के लिए दिया गया था, लेकिन इंटरलॉकिंग लूप लाइन के लिए की गई थी, इससे यात्री ट्रेन लूप लाइन में मालगाड़ी से टकरा गई। हालांकि, घटनास्थल पर मिले साक्ष्य कुछ और ही संकेत दे रहे हैं।



इंटरलॉकिंग प्रणाली में हुई गड़बड़ी

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पहले भी कवरैप्पेट्टै रेलवे स्टेशन के पास विभिन्न स्थानों से कुछ मामले सामने आए थे, जहां गड़बड़ी करने वालों ने इंटरलॉकिंग सुरक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ की कोशिश की थी, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके। सूत्र ने कहा कि शायद उन्होंने कहीं और ऐसा करके अनुभव प्राप्त किया और अंततः कवरैप्पेट्टै में अपनी साजिश को अंजाम दिया। इंटरलॉकिंग प्रणाली को कुछ ही मिनट में उलट पुलट कर दिया गया क्योंकि मैसूरु-दरभंगा एक्सप्रेस से पहले ही एक ट्रेन उक्त इंटरलॉकिंग बिंदु को पार कर गई थी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल की स्थिति की जांच करने के बाद ऐसा प्रतीत हुआ कि सिग्नल प्रणाली में कोई खराबी नहीं थी या सिग्नल विभाग से कोई गलती नहीं हुई।

ब्रीफ खबरें

धान खरीद में देरी, विरोध में किसानों ने रेल पटरियों पर किया प्रदर्शन



लुधियाना/अमृतसर (पंजाब)। पंजाब के किसानों ने चालू खरीफ विपणन सत्र में धान की कथित धीमी खरीद के खिलाफ रविवार को राज्य में कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं और रेल पटरियों पर धरना दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने जहां दोपहर 12 से तीन बजे तक राज्यव्यापी सड़क नाकेबंदी का आह्वान किया, वहीं भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहां) ने भी तीन घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया। किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं, जिससे आने जाने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस ने सड़क यातायात को वैकल्पिक मार्गों से मोड़ दिया। भाकियू (एकता उग्राहां) के महासचिव सुखदेव सिंह कोकरीकलां ने कहा कि उन्होंने बटाला, शाहकोट (जालंधर), बठिंडा, अजीतवाल (मोगा), वल्ला फाटक (अमृतसर), पट्टी (तरनतारन), मलोट (मुक्तसर), जलालाबाद (फाजिल्का), कोटकपुरा (फरीदकोट), मानसा, धबलान (पटियाला), सुनाम (संगरूर), मलेरकोटला, किला रायपुर (लुधियाना) सहित 17 स्थानों पर 'रेल रोको' विरोध प्रदर्शन किया गया।

शिंदे ने सात क्रीक पुलों की रखी आधारशिला, चुनाव से पहले सौगात




ठाणे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को ठाणे 'क्रीक' (खाड़ी) पुल-तीन के उत्तरी 'चैनल' (हिस्से) का उद्घाटन किया तथा रायगढ़ के रेवास और सिंधुदुर्ग के रेडी के बीच 'क्रीक' पर सात नए पुलों की आधारशिला रखी। नया ठाणे क्रीक पुल 3180 मीटर लंबा है और उस पर 559 करोड़ रुपए की लागत आई है। सात नए पुलों की कुल लंबाई 26.70 किलोमीटर होगी तथा उनपर 7,851 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। एक अधिकारी ने बताया कि ये पुल धरमतर, कुंडलिका, अगरदंडा, बनकोट, केल्शी, जयगढ़ और कुंकेश्वर जैसे महत्वपूर्ण 'क्रीक' पर बनाए जाएंगे। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र की स्थापना के समय से ही इन पुलों की मांग थी। अब इनका निर्माण शुरू होगा जो कोंकण के निवासियों के लिए दिवाली का तोहफा है। इसके अलावा, प्रस्तावित कोंकण 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' मुंबई से कोंकण तक की यात्रा के समय को घटाकर पांच घंटे कर देगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ठाणे क्रीक पुल-तीन का उत्तरी चैनल सोमवार से यातायात के लिए खुल जाएगा। उन्होंने कहा कि दक्षिणी चैनल पर काम तेजी से चल रहा है।

लिपुलेख दर्रा खोलने की मांग को लेकर इलाके में धरना देगी कांग्रेस



पिथौरागढ़। कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई ने कैलाश दर्शन के लिए पुराने लिपुलेख दर्रा को स्थानीय लोगों के लिए भी खोलने की मांग को लेकर मंगलवार को व्यास घाटी में धरना देने का आह्वान किया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष करन माहरा और धारचूला से पार्टी विधायक हरीश धामी पुराने लिपुलेख दर्रे पर डेढ़ सौ से अधिक कार्यकर्ताओं द्वारा दिए जाने वाले इस पांच घंटे के धरने का नेतृत्व करेंगे। भारतीय भूभाग में स्थित पुराने लिपुलेख दर्रे से कैलाश दर्शन की योजना को उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने केंद्र सरकार की सितंबर में मंजूरी मिलने के बाद पिछले हफते शुरू किया था। कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पायलट परियोजना के तहत अमीर श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर के जरिए लिपुलेख दर्रे जाकर कैलाश चोटी के दर्शन की अनुमति दी जा रही है तो स्थानीय लोगों को यह अनुमति क्यों नहीं दी जा रही। जोशी ने कहा कि राज्य सरकार की यह नई पहल पर्यटक आधारित व्यवसायियों की आजीविका पर बुरा असर डालने वाली है।

राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ट्रंप सैन्य प्राथमिकताओं में करेंगे बदलाव



वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना है कि यदि वह इस साल नवंबर में होने वाले चुनाव में जीत हासिल करते हैं तो यूरोप और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद सैन्य प्राथमिकताओं में व्यापक बदलाव कर सैन्यबलों को अन्य देशों से बुलाकर अमेरिकी धरती पर तैनात करेंगे। ट्रंप को यदि दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुना जाता है तो रिपब्लिकन पार्टी और उनके सहयोगी अन्य देशों में तैनात अमेरिकी सैन्यबलों को बुलाकर उन्हें अमेरिका के नीतिगत लक्ष्यों के लिए इस्तेमाल करने की योजना तैयार करेंगे। ट्रंप ने विदेशों से हजारों अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने और उन्हें मेक्सिको से लगी अमेरिकी सीमा पर तैनात करने का संकल्प लिया है। उन्होंने निर्वासन और अशांति से निपटने जैसी घरेलू नीतिगत प्राथमिकताओं के लिए सैनिकों के इस्तेमाल पर विचार किया है। उन्होंने उन सैन्य अधिकारियों को हटाने की बात की है जो वैचारिक रूप से उनके विरोधी हैं। ट्रंप का दृष्टिकोण अमेरिकी समाज में सेना की भूमिका में संभवत: नाटकीय बदलाव की बात करता है।

बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप : 11 केवी लाइन से टकरा गया था ट्रक

पीड़ित की पत्नी को संविदा नौकरी समेत 5 मांगों पर सहमति, 5वें दिन धरना खत्म

जागो इंडिया जागो
झुंझुनूं

चारणवासी गांव में ट्रक में जिंदा जले मजदूर की मौत के मामले में सहमति बनने पर रविवार को धरना उठा लिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन से करीब एक घंटा वार्ता चली। इसमें मृतक की पत्नी को चूरू में मेडिकल विभाग में संविदा पर नौकरी, विभिन्न योजनाओं से 15 लाख रुपए मुआवजा देने पर सहमति बनी। साथ ही बच्चों को पालनहार योजना का फायदा देने, घायल को डिस्चार्ज के बाद इलाज के अनुसार आर्थिक मदद और बिजली विभाग के दोषी और कर्मचारियों पर जांच कर कार्रवाई करने की मांग पर सहमति बनने के बाद दोपहर 2.30



के करीब धरना समाप्त कर दिया गया। बैठक में जिला प्रशासन और मृतकों के परिजनों के बीच सहमति बनने के बाद मृतक लीलू राम का दोपहर बाद बीडीके अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन चूरू रवाना हो गए। गौरतलब है कि 9 अक्टूबर को चूरू के लालचंद रैगर, सुरेंद्र रैगर, सुभाष रैगर, गौरीशंकर रैगर व घंटेल व चालक बनवारीलाल जाट ईंटों से भरा ट्रक लेकर चारणवासी गांव में खाली करने आए थे।

जिंदा जल गया था लालचंद

ईंटे खाली करने के बाद ट्रक लेकर वापस लौट रहे थे कि कुछ ही दूरी पर सडक़ के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से ट्रक टकरा गया। बिजली लाइन के टकराने से ट्रक में करंट दौड़ गया और आग लग गई। इसी दौरान सुभाष रेगर, गौरीशंकर रैगर, सुरेंद्र रैगर व बनवारीलाल जाट ने कूदकर जान बचाई। जबकि लालचंद रैगर ट्रक से उतर नहीं पाया और अंदर ही फंस गया। करंट व आग की वजह से वह जिंदा जल गया था। हड़बड़ाहट में कूदने के दौरान सुभाष रैगर भी घायल हो गया था। जिसे बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे के बाद परिजन व रिश्तेदारों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और घायल को 10 लाख रुपए देने की मांग करते हुए धरने पर बैठे गए थे। शव लेने से इंकार कर दिया था। काफी समझाइश के बाद पांचवें दिन परिजन धरना उठाने पर सहमत हुए।

मामले ने तूल पकड़ा : हादसे में हो गई थी दो की मौत

शव लेने से किया इनकार, परिजन मुआवजे पर अड़े

जागो इंडिया जागो
बीकानेर

देशनोक से बीकानेर लौटते हुए दो युवकों की सड़क हादसे के मामले ने रविवार को तूल पकड़ लिया। मृतकों के परिजनों ने मॉर्च्युरी पर शव लेने से इनकार कर दिया और दोनों की मौत का मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए। वहीं युवकों को टक्कर मारने वाले कार ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग हो रही है।

शनिवार की शाम देशनोक से बीकानेर आते हुए राजकुमार और मेघराज नामक दो युवकों की मौत हो गई थी। ये दोनों देशनोक से दर्शन करके बाइक पर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार ने इन दोनों को टक्कर मार दी। कार इतनी तेज थी



कि दोनों बाइक से काफी दूर जाकर गिरे। राहगीरों ने इनको पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतक राजकुमार पुत्र शंकरलाल और मेघराज पुत्र सुखराम सोनी की मौत हुई है। दोनों चौपड़ा बाड़ी गंगाशहर के रहने वाले थे। हादसे के बाद दोनों के शव मॉर्च्युरी में रख दिए गए थे, जहां रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम शुरू हुआ। इस बीच परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। पार्षद रामदयाल पंचारिया के नेतृत्व में गंगाशहर के लोग धरने पर बैठ गए। प्रशासन ने इनसे बातचीत भी कि लेकिन शव लेने के लिए तैयार नहीं हुए।

ब्रीफ खबरें

युवक की बावड़ी में डूबने से मौत, साथियों के साथ गया था नहाने

सीकर। जिले में नीमकाथाना इलाके के जीलो गांव में एक युवक की बावड़ी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जमा हो गई। युवक के बावड़ी में डूबने की सूचना पर डाबला थानाधिकारी राजवीर सिंह भी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की सहायता पानी में डूबे युवक को बावड़ी से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। डाबला थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि जीलो गांव की एक बावड़ी में चार से पांच लोग नहा



रहे थे। इसी दौरान नहाते समय अचानक जीलो निवासी राकेश मीणा बावड़ी में डूब गया। जब वह बाहर नहीं आया तो साथ में नहा रहे लोगों ने इसकी सूचना आसपास के अन्य लोगों को और पुलिस को दी। सूचना पर डाबला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकाला।

रावण दहन देखने आया था, 30 हजार का इनामी पकड़ा गया

जोधपुर। 2 साल से फरार 30 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। वह पुणे में टाइल और मार्बल लगाने का काम करने लगा था। जोधपुर का दशहरा मेला देखने राजस्थान आया था। मामला जोधपुर कमिश्नरेट के पाल रोड भादू मार्केट चौपासनी थाना इलाके का रविवार सुबह 10 बजे का है। रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया- रेंज की साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन वज्रमाल चलाते हुए पुष्पेंद्र सिंह पुत्र कृपाराम जाट निवासी हीरा की ढाणी पुलिस थाना गिड़ा जिला बाड़मेर को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बाड़मेर के कोतवाली और बालोतरा थाना



इलाके में में लूट का मामला भी दर्ज है। दोनों मामलों में आरोपी पर 25,000 और 5000 का इनाम था। आरोपी लाखों रुपयों की लूट के मामले में 2 साल से फरार चल रहा था। इसको लेकर पुलिस ने जानकारी जुटाई तो सामने आया कि यह महाराष्ट्र के पुणे में मार्बल व टाइल लगाने का काम करता है।

दुल्हन की विदाई से पहले दूल्हे के भाई व रिश्तेदार की मौत

सिरोही। दुल्हन की विदाई से पहले दूल्हे के छोटे भाई और रिश्तेदार की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। दुल्हन के घर से टेंट का सामान लेकर आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद शादी के घर में मातम छा गया। हादसा कैलाशनगर थाना क्षेत्र में मनादर कस्बे के देवनगर में रविवार सुबह 7:30 बजे हुआ। थानाधिकारी कानाराम सीरवी ने बताया- जालोर के मेडा उपला से सोमाराम की बारात शनिवार शाम मनादर कस्बे के देवनगर में आई थी। रात को शादी होने के बाद सुबह दुल्हन की विदाई की तैयारियां चल रही थीं। रविवार



सुबह 7 बजे दूल्हे का भाई दिनेश (30) पुत्र कानाराम रेबारी और देवनगर निवासी निंबाराम (18) पुत्र मानाराम रेबारी बाइक से सामान लेने के लिए गए थे। थानाधिकारी ने बताया- वहां से लौटते समय देवनगर निवासी कालूराम देवासी के घर के सामने पहुंचे थे। तभी दुल्हन के घर से टेंट का सामान लेकर आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी।

उदयपुर-हरिद्वार एक्सप्रेस पर पत्थर मारा, कोच का कांच टूटा

उदयपुर। अज्ञात बदमाशों ने उदयपुर-हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारकर कोच का कांच फोड़ दिया। यह घटना रविवार को बडौत रेलवे स्टेशन से करीब 2 किमी आगे बावली रेलवे स्टेशन के पास घटी। बावली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नहीं ठहरती है ऐसे में यहां से गुजरते वक्त किसी ने ट्रेन पर पत्थर फेंके। जिससे कोच का कांच टूट गया। गनीमत रही कि उस खिड़की से लगी सीट नंबर-71 का यह कांच ही तड़का। उस पर उदयपुर की भुवाणा निवासी महिला सोनल नागर



और उनके पति पंकज नागर बैठे हुए थे। उन्हें कोई चोट नहीं लगी। पत्थर की आवाज सुनकर पति-पत्नी सहित अन्य यात्री भी डर गए। कोच के अटेंडेट ने बी-1 में बैठे दोनों पुलिस गार्ड को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने कोच में जाकर घटना की जानकारी ली और कागजी कार्रवाई की।

करतूत : पुष्कर में धार्मिक भावनाओं को आहत करने की कोशिश

असामाजिक तत्वों ने हवन स्थल पर फेंक दी गंदगी

जागो इंडिया जागो
अजमेर

प्रदेश के अजमेर जिले की तीर्थ नगरी पुष्कर में कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, पुष्कर के सुनारों की धर्मशाला में पिछली 17 जुलाई से चातुर्मास और धार्मिक आयोजन चल रहा है। इसी दौरान रविवार सुबह समाज विशेष के असामाजिक तत्वों ने हवन स्थल को दूषित और अपवित्र करने की मंशा के चलते गंदे तकिए, कपड़ों की कतरन, कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतल और गंदगी हवन के पास फेंक दी। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

इस घटना के बाद तीर्थ पुरोहितों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी और पुष्कर थाना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद हवन स्थल के पास फेंके गए सभी सामानों को जब्त कर लिया और धर्मशाला में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करना शुरू कर दिया। वहीं पुलिस ने तीर्थ पुरोहितों को आश्वासन दिया है कि अगर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किसी भी व्यक्ति विशेष ने यह कार्य किया है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।



परिणाम भुगतने को तैयार रहे प्रशासन

तीर्थ पुरोहित रिशु पाराशर ने बताया कि आज चातुर्मास और धार्मिक आयोजन को लेकर सभी तीर्थ पुरोहित और हिंदू समाज के लोग कलश यात्रा लेकर पुष्कर के ब्रह्म घाट पर गए थे। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द समाजकंटकों या असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई नहीं की गई, तो उसके परिणाम प्रशासन को भुगतने होंगे। वहीं, थाना अधिकारी रामचंद्र चौधरी ने भी कहा कि तकिया और कोल्ड ड्रिंक की बोतल फेंकने के दौरान वहां पर एक लड़का यह पूरी वारदात मोबाइल कैमरे में वीडियो बना कर कैद कर रहा था। इस घटना के पीछे उन लोगों की क्या मंशा रही है अभी इसकी जांच की जाएगी। आगे थाना अधिकारी ने कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा।

साथ ही ओम नारायणी सेवा के आनंद प्रकाश विद्यार्थी ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि आगामी 17 अक्टूबर तक सुनारों की धर्मशाला में चातुर्मास और धार्मिक आयोजन सहित हवन यज्ञ का कार्यक्रम है। अगर आज के बाद किसी भी व्यक्ति ने धार्मिक स्थल को अपवित्र करने की कोशिश की तो, वह उसको घर से निकाल कर उनकी ईंट से ईंट बजाने का भी दम रखते हैं।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के खाने में मिली छिपकली की पूंछ



जागो इंडिया जागो
किशनगढ़

अजमेर जिले के बांदर सिंदरी स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में खाने में छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। यूनिवर्सिटी की मेगा मेस में दोपहर का खाना परोसा जा रहा था। तभी एक स्टूडेंट की सब्जी में छिपकली की कटी हुई पूंछ नजर आई। इसे लेकर स्टूडेंट्स ने हंगामा कर दिया और मेस संचालक से शिकायत की। इसके बाद मामले की शिकायत चीफ वार्डन से की। उन्होंने चीफ वार्डन को ईमेल में लिखा- 'हम खाने के पैसे देते हैं और अच्छा खाना डिजर्व करते हैं।' वहीं, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने यूनिवर्सिटी के वीसी से बात कर मामले की जांच करने की बात कही है। उन्होंने कहा- किसी भी सूरत में छात्रों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रविवार को खाने में छिपकली की पूंछ का वीडियो सामने आने पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा- कुलपति से मामले की जांच करने की बात कही है। स्टूडेंट्स की सेहत के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है। हम इस मसले को गंभीरता से ले रहे हैं। आगे उचित कदम उठाए जाएंगे।

यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार विपिन कुमार का कहना है कि मैं अभी तीन दिन से बाहर हूं। मैं किशनगढ़ पहुंचकर मामले की जानकारी लूंगा। अभी केवल सोशल मीडिया पर मेस के खाने को लेकर जानकारी मिली है। वस्तु स्थिति का पता लगा रहे हैं।

'खाने में नहीं है गड़बड़'

मेस के मैनेजर रामहर्ष अरोड़ा ने बताया- मेस के खाने में कोई गड़बड़ नहीं है। कुछ स्टूडेंट्स ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस साजिश को अंजाम दिया है। चीफ वार्डन ने मेगा मेस, स्टूडेंट कमेटी के साथ रविवार को बैठक कर पूरे मामले में फीडबैक लिया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर की जा रही है।

सात साल की बच्ची से रेप, माता-पिता के पास सो रही थी

जागो इंडिया जागो
जोधपुर

शहर में माता-पिता के पास सो रही 7 साल की मासूम को 53 साल का व्यक्ति उठाकर ले गया और उससे रेप किया। मां को रविवार सुबह बेटी नहीं दिखी तो वह उसे ढूंढती रही। सुबह 8 बजे जैसे-तैसे बच्ची घर पहुंची और घटना के बारे में घरवालों को बताया। पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने मासूम का मेडिकल करवाया है। आरोपी एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी में शनिवार रात 12 बजे बच्ची को उठाकर ले जाता नजर आ रहा है। मामला देवनगर थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार, मासूम झालावाड़ की रहने वाली है। उसके माता-पिता जोधपुर में मजदूरी करते हैं। आरोपी रतलाम (मध्यप्रदेश) का रहने वाला है। पुलिस मामले में पूरी जानकारी जुटा रही है।

सम्मेद शिखर तीर्थ रेल यात्रा हुई रवाना

जागो इंडिया जागो
उदयपुर

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को दोपहर 2:15 बजे सम्मेद शिखर तीर्थ रेल यात्रा उदयपुर के राणा प्रताप रेलवे स्टेशन से झंडी दिखाकर रवाना की। जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल मेवाड़-मारवाड़ रीजन उदयपुर की यह 12 दिवसीय तीर्थ यात्रा है जो वापस 24 अक्टूबर को उदयपुर पहुंचेगी।

यात्रा में 20 कोच के माध्यम से 1151 यात्री सवार हुए। जिन्हें



विदाई देने के लिए स्टेशन पर उनके परिवारजन साथ पहुंचे। रवानागी से पहले यात्रियों को माला और उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। जयकारों के साथ यात्रा रवाना हुई। इस दौरान प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा थी। राज्यपाल के अलावा अतिथि के रूप में ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, शहर विधायक ताराचंद जैन भी मौजूद रहे।

यात्रा उदयपुर से शुरू होकर हस्तिनापुर, अयोध्या, काशी, पावापुरी, लछुवाड़, राजगीरी, विरायतन, रिजुबलिका महातीर्थी होते हुए सम्मेदशिखर जी पहुंचेगी। प्रत्येक यात्री को ओढ़ने का कंबल, एक बड़ा बैग, एक छोटा बैग, तकिया दिशा-निर्देश बुक, टोपी तथा अन्य सामान का किट यात्रा संघ द्वारा दिया गया है। इस यात्रा में 11 चिकित्सक की टीम को भी साथ ले जाया गया है। यात्रियों को प्रतिदिन तीन बोतल पानी की दी जाएगी। समय-समय पर यात्रियों को नाश्ता, दोपहर एवं शाम को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। 20 में से एक कोच पेन्ट्री, एक गार्ड और एक जनरेटर का है। यात्रा का जिम्मा मुबंई के कुलीन कुमार एंड कंपनी एवं भोजन व्यवस्था सूरत के मशहूर कैटर्स जब्बर भाई पालीवाल को दिया गया है।


आत्महत्या : प्रेमी और नाबालिग प्रेमिका के बैग, जूते और मोबाइल मिले, गरबा खेलने निकली थी लड़की

मांग भरते हुए स्टेटस लगाया, उसके बाद फंदा लगाया

जागो इंडिया जागो
बाड़मेर

एक युवक और नाबालिग लड़की बाड़मेर शहर से 90 किमी दूर गिराब थाना इलाके में रविवार सुबह पेड़ पर फंदे से लटके मिले। गिराब इलाके में सुनसान जगह बाइक और हेलमेट देख राहगीरों को शक हुआ। बाइक से टीले की तरह जाते पगमार्क देख वे टीले के ऊपर पहुंचे तो वहां पेड़ से शव लटके देखे।

गिराब थाना इंचार्ज देवी सिंह ने बताया- लड़का पप्पू सिंह (22) पुत्र छगन सिंह गिराब कस्बे का ही रहने वाला था। वहीं लड़की (17) बाड़मेर शहर की



लड़के के साथ खुश नजर आ रही थी लड़की

जानकारी के अनुसार लड़की बाड़मेर शहर से शनिवार को लड़के के साथ बाइक पर गिराब पहुंची थी। सुसाइड से पहले लड़के ने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लड़की के साथ के कुछ फोटो लगाए। एक फोटो में वह लड़की की मांग सिंदूर से भरते नजर आ रहा है। दूसरी फोटो में लड़की सिंदूर लगाकर लड़के के साथ खुश नजर आ रही है। रविवार सुबह उनके शव टीले पर मिले। कुछ दूरी पर बाइक मिली। जहां सुसाइड किया वहां उनके बैग, जूते और मोबाइल मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मानकर चल रही है कि लव अफेयर के चलते दोनों ने सुसाइड किया है।

निवासी थी। लड़की शनिवार को घर से गरबा खेलने जाने की बात कहकर निकली थी। लोगों ने रविवार सुबह 6 बजे दोनों के शव देखे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लड़के के परिजन को मौके पर बुलाया। इसके बाद दोनों की पहचान हुई। पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। मौके पर एफएसएल टीम पहुंची और सबूत जुटाए। थाना इंचार्ज ने बजे बताया- लड़की के परिजन सुबह 11 बजे मौके पर पहुंचे तो दोनों बॉडी को उतरवाया गया। इसके बाद गिराब हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक तीन भाइयों में मंझला था। युवक के पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार पिता ने भी सुसाइड किया था। लड़की के शव को दोपहर 3 बजे बाद बाड़मेर जिला मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। सुसाइड का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक और लड़की का अफेयर चल रहा था।

टाटा साम्राज्य का अनूठा प्रबंधन : टाटा संस में 66% हिस्सेदारी के साथ समूह को कंट्रोल करता है टाटा ट्रस्ट

नोएल सबसे शक्तिशाली, लेकिन मालिक नहीं

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

रतन टाटा के निधन के बाद टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन उनके सौतेले भाई नोएल टाटा बन चुके हैं। यह ट्रस्ट टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी के साथ टाटा समूह को नियंत्रित करता है। इससे नोएल टाटा 34 लाख करोड़ रुपए के इस विशाल व्यापारिक साम्राज्य के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बन गए हैं। टाटा समूह की स्थापना 1868 में जमशेदजी नसीरवानजी टाटा ने की थी। आज ग्रुप का कारोबार पूरी दुनिया में है। 100 से अधिक देशों में फैली 100 से अधिक कंपनियों के साथ इसका बाजार पूंजीकरण 403 अरब डॉलर (लगभग 33.7 ट्रिलियन रुपए) है। हालांकि, यह भी ध्यान देने योग्य है कि नोएल टाटा व्यक्तिगत रूप से टाटा संस के इन 66 फीसदी शेयरों के मालिक नहीं हैं, उनके मालिक ट्रस्ट हैं। कंपनी में उनकी निजी हिस्सेदारी एक अलग विषय है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, टाटा ट्रस्ट में वर्तमान में 13 ट्रस्टी हैं। इनमें सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट शामिल हैं। इनमें से पांच व्यक्ति दोनों ट्रस्टों के ट्रस्टी हैं। वे हैं- पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह, टीवीएस ग्रुप के वेणु श्रीनिवासन, रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा, व्यवसायी मेहली मिस्त्री और वकील दारा खंबाटा। सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टियों में पूर्व सिटी इंडिया के सीईओ प्रमित झावेरी, रतन टाटा के छोटे भाई जिमी टाटा और सर रतन टाटा ट्रस्ट के जहांगीर अस्पताल के सीईओ जहांगीर एच.सी. शामिल हैं। कंपनी में अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी के कारण टाटा ट्रस्ट अनिवार्य रूप से टाटा संस में पूर्ण शक्ति रखता है, जो टाटा समूह को नियंत्रित करता है। टाटा ट्रस्ट की मंजूरी के बिना टाटा संस कोई भी फैसला नहीं ले सकती है, जो इसे समूह का अंतिम नियंत्रक निकाय बनाता है।



क्या है टाटा संस, टाटा ग्रुप और टाटा ट्रस्ट में फर्क?

टाटा समूह में टाटा संस, टाटा ग्रुप और टाटा ट्रस्ट शामिल हैं। सरल शब्दों में टाटा संस टाटा समूह की पैरेंट कंपनी है। इसमें 100 से अधिक परिचालन कंपनियां हैं। टाटा संस को टाटा ट्रस्ट नियंत्रित करता है। इस तरह टाटा संस एक होल्डिंग कंपनी है जिसके पास समूह की ज्यादातर हिस्सेदारी है। इसमें जमीन, चाय बागान और इस्पात संयंत्र शामिल हैं। टाटा संस को डिविडेंड ब्रांड लॉयल्टी शुल्क से रेवेन्यू हासिल होता है। दूसरी ओर टाटा ट्रस्ट एक अम्ब्रेला कंपनी है। इसके तहत कला, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका सृजन जैसे क्षेत्रों में परोपकारी कार्यों में लगे 14 ट्रस्ट काम करते हैं। टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में संयुक्त रूप से 66% हिस्सेदारी है। यह इसे कंपनी का मेजॉरिटी शेयरधारक बनाती है। टाटा ट्रस्ट में दो मुख्य ट्रस्ट हैं - सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट। इनकी कंपनी में संयुक्त रूप से 52% हिस्सेदारी है। टाटा ट्रस्ट के तहत चलने वाले अन्य ट्रस्टों की संयुक्त हिस्सेदारी 14% है। इस प्रकार टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में 66% हिस्सेदारी है।

ब्रीफ खबरें

825 करोड़ रुपए के लग्जरी फ्लैट बेचे एटीएस होमक्राफ्ट ने



नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एटीएस होमक्राफ्ट मजबूत मांग के चलते गुरुग्राम के द्वारका एक्सप्रेसवे पर अपनी नई परियोजना के पहले चरण में लगभग सभी 340 लक्जरी घरों को 825 करोड़ रुपये में बेचने में सफल रही दिया। एटीएस समूह की प्रमुख कंपनी एटीएस होमक्राफ्ट ने इसी महीने सेक्टर 105 में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ प्रीमियम आवासीय परियोजना 'सैंक्चुरी 105' पेश की है। कंपनी को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और वह इस आवासीय परियोजना के चरण-1 में पेश सभी 334 इकाइयों को बेचने में सफल रही। यह चरण 13 एकड़ में फैला हुआ है। इन 334 इकाइयों की बिक्री बुकिंग का मूल्य 825 करोड़ रुपये है। परियोजना में प्रत्येक टावर में प्रति मंजिल केवल दो अपार्टमेंट हैं। कंपनी इस परियोजना में लगभग 750 अपार्टमेंट विकसित करेगी, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 23 लाख वर्ग फुट और बिक्री योग्य क्षेत्रफल 16 लाख वर्ग फुट से अधिक है।

मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध कर्ज 4,920 करोड़ रुपए हुआ



नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड का शुद्ध कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 4,920 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के कर्ज में वृद्धि भूमि अधिग्रहण और निर्माण पर निवेश करने के कारण हुई है। मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी परियोजनाएं बेचती है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के हाल के आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर, 2024 तक कंपनी का शुद्ध कर्ज 4,920 करोड़ रुपए था। कंपनी का शुद्ध ऋण 30 जून, 2024 तक 4,320 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 3,010 करोड़ रुपए था। मैक्रोटेक डेवलपर्स की जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान बिक्री बुकिंग 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 4,290 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 3,530 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेची थीं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की बिक्री बुकिंग 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 14,520 करोड़ रुपए रही थी।

काइनेटिक इंजीनियरिंग करेगी 30 करोड़ रुपए का निवेश



मुंबई। काइनेटिक इंजीनियरिंग लि. अपनी अनुषंगी कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स में 30 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने कहा कि वह नए उद्यम की अनुसंधान, विकास और विनिर्माण क्षमताओं के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। पुणे की वाहन कलपुर्जा विनिर्माता काइनेटिक एनर्जी ने 2022 में मोटर, एक्सल, फ्रेम, कंट्रोलर और बैटरी जैसे इलेक्ट्रिक वाहन उपकरणों के विनिर्माण के लिए एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने की घोषणा की थी। कंपनी ने कहा, काइनेटिक इंजीनियरिंग अपनी नवगठित इलेक्ट्रिक अनुषंगी कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड में 30 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह रणनीतिक निवेश कंपनी के 18.5 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश के अतिरिक्त है, जिससे कुल निवेश 48.5 करोड़ रुपए हो जाएगा। इस निवेश से कंपनी भारतीय बाजार में अपने ग्राहकों के लिए कुशल, विश्वसनीय और उन्नत इलेक्ट्रिक परिवहन समाधान तैयार करने में सक्षम होगी।

इंडियन ओवरसीज बैंक ने खोले खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र



चेन्नई। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक ने कई शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इसका उद्देश्य ऋण स्वीकृति प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करना है। उन्होंने कहा कि चेन्नई में आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्रों का भौतिक रूप से उद्घाटन किया गया, जबकि सात अन्य शहरों में ऋण प्रसंस्करण केंद्र वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू किए गए। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा कि खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र को ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, समय को कम करने और खुदरा ग्राहकों को तीव्र और अधिक कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजायन किया गया है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने बेंगलुरु, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किए हैं। प्रत्येक केंद्र डिजिटल प्रौद्योगिकियों और स्वचालन क्षमताओं से लैस है, जिससे त्वरित ऋण स्वीकृति सुनिश्चित होती है। ये सुविधाएं वित्तीय पहुंच को बढ़ाने और खुदरा क्षेत्र में बैंक की वृद्धि रणनीति का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

एसबीआई की छोटे उद्यमों के लिए कर्ज सीमा बढ़ाएगी



नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) एमएसएमई क्षेत्र को आसानी से पर्याप्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए तत्काल ऋण योजना के तहत कर्ज सीमा को मौजूदा पांच करोड़ रुपये से बढ़ाने की योजना बना रहा है। 'एमएसएमई सहज' 'डिजिटल इनवॉयस' वित्त पोषण योजना है। इसके तहत बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के 15 मिनट के भीतर ऋण के लिए आवेदन करने, दस्तावेज उपलब्ध कराने और स्वीकृत ऋण को जारी करने की सुविधा दी जाती है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, ''हमने पिछले साल पांच करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा के लिए एक डेटा आधारित मूल्यांकन शुरू किया था। हमारी एमएसएमई शाखा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को केवल अपना पैन और जीएसटी आंकड़ों तक पहुंच की अनुमति देनी होगी। हम 15-45 मिनट में मंजूरी दे सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि बैंक एमएसएमई ऋण के सरलीकरण पर जोर दे रहा है। इससे गिरवी रखने की जरूरत कम हो जाती है, और बहुत से लोग संगठित एमएसएमई उधार प्रणाली में आ सकेंगे।

कॉल सेंटर के बिना काम कर रहे, डिजिटल पर लगाया जोर



जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली फ्लाई-91 अपने परिचालन को आगे बढ़ा रही है। हालांकि इस क्षेत्रीय एयरलाइन के पास यात्रियों के लिए कॉल सेंटर नहीं है। गोवा स्थित कंपनी का जोर डिजिटल तकनीक पर है और उसने परिचालन शुरू करने से पहले प्राथमिकताओं की एक सूची तैयार की। फ्लाई-91 ने कुछ चीजों को खत्म करने का फैसला किया, जो पारंपरिक रूप से एयरलाइन करती हैं। फ्लाई91 के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रसन्ना सुब्रमण्यम ने कहा, ''हम जानबूझकर उस रास्ते (कॉल सेंटर न होने) पर जाना चाहते थे।''उन्होंने हाल ही में न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा कि कॉल सेंटर न होने से लागत में भारी बचत होती है और यह लाभ भी देता है, क्योंकि बचत का इस्तेमाल कहीं और नए डिजिटल एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जा रहा है। फ्लाई91 ने 18 मार्च को उड़ान भरना शुरू किया था और इस समय यह दो एटीआर72 - 600 विमानों का संचालन करती है। यह प्रतिदिन लगभग 16 उड़ानें भरती है।

एयरलाइन के पास एक पूरी तरह से स्वचालित बॉट है, जो ग्राहकों के सवालों के जवाब देता है। यदि कोई ग्राहक व्यक्तिगत रूप से बात करना चाहता है, तो वह बॉट पर नंबर छोड़ सकता है और एयरलाइन संबंधित ग्राहक को कॉल करेगी। सुब्रमण्यम ने कहा कि नियमों के अनुसार विमानन कंपनियों के लिए कॉल सेंटर रखना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने कहा, हमने कुछ बेहतरीन कंपनियों को भी देखा जिनके पास कॉल सेंटर नहीं है।

साप्ताहिक समीक्षा : रिलायंस इंडस्ट्रीज आज पेश करेगी नतीजे

कंपनियों के वित्तीय परिणामों से तय होगी बाजार की दिशा

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं।

2024 में अपने सबसे खराब हफ्ते के बाद पिछले हफ्ते भी शेयर बाजार में दबाव देखने को मिला। बीएसई सेंसेक्स 307.09 अंक यानी 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 81381.36 पर आ गया। वहीं, निफ्टी 50 में 0.2 फीसदी की गिरावट आई और यह 24,964 के लेवल पर आ गया। अब सभी की निगाहें अनिंग सीजन पर टिकी हैं, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सोमवार (14 अक्टूबर) को नतीजे पेश करेगी। नतीजों से पहले पिछले एक महीने में इस शेयर काफी खराब प्रदर्शन किया है। इसने निफ्टी को 25467 के रिकॉर्ड हाई से 25000 के नीचे लाने में अहम योगदान दिया है।

पिछले एक महीने में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 7% की गिरावट आई है। मैनेजमेंट की टिप्पणियों के अलावा इस बात पर भी फोकस रहेगा कि कंपनी अपने बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा करती है या नहीं। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजारों में एक और अच्छा सेशन रहा, जिसमें डॉव जोन्स बेहतर प्रदर्शन करने वाला इंडेक्स बनकर उभरा। अन्य दो इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए।



निफ्टी के लिए ये लेवल होंगे अहम

पिछले तीन कारोबारी सत्रों में निफ्टी में कोई बदलाव नहीं हुआ है, इसलिए इंडेक्स के प्रमुख लेवल में भी कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। पिछले हफ्ते का उच्चतम स्तर 25234 है, जो इंडेक्स को आगे बढ़ने के लिए पहला बैरियर है। नीचे की ओर 9 सितंबर का लो 24,750 और उसके बाद पिछले हफ्ते का लो 24,693 अहम बना हुआ है। प्रभुदास लीलाधर की वैशाली पारेख ने कहा कि निफ्टी अपने अहम 50-डे एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज के पास और 25000 के निशान के निकट अनिश्चित स्थिति में है। उनका मानना है कि निफ्टी के लिए नियर टर्म सपोर्ट 24700 के आसपास है, जबकि ऊपर की ओर 25400 से ऊपर एक निर्णायक कदम की जरूरत है।

बवाना औद्योगिक क्षेत्र : प्लास्टिक दाने की फैक्टरी में लगी आग



नई दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लास्टिक दाने की फैक्टरी में रविवार सुबह आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की 27 गाड़ियों ने मोर्चा संभाला और करीब पांच घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इसके बाद कूलिंग और सर्च ऑपरेशन किया गया। गनीमत रही कि हादसे की चपेट में कोई नहीं आया। दमकल विभाग के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9.20 बजे बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर तीन में ब्लॉक सी स्थित एक प्लास्टिक दाने की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिलते ही 16 दमकल की गाड़ियां भेजी गईं।

गौर ग्रुप नोएडा में 4,000 करोड़ रु. करेगा निवेश

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गौर ग्रुप नोएडा में 17 एकड़ की वाणिज्यिक परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। गौर ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज गौर ने कहा कि यह किराये की संपत्ति बनाने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी आगामी ग्रेड-ए परियोजना में 50 लाख वर्ग फुट वाणिज्यिक क्षेत्र विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी वार्षिक किराये की आय को बढ़ाने के लिए इस परियोजना को पट्टा मॉडल पर विकसित करेगी। कंपनी की इस मद में आय वर्तमान में 125 करोड़ रुपये से अधिक है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर गौर ने कहा कि यह लगभग 4,000 करोड़ रुपये होगा। कंपनी ने मार्च, 2024 से पहले इस परियोजना का निर्माण शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

विदेशी निवेशकों ने 58,711 करोड़ रुपए निकाले


नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये शेयर बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन के कारण विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपए का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपए निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार इक्विटी बाजार में पैसा लगाया। कुल मिलाकर, जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर, एफपीआई इस साल शुद्ध खरीदार रहे हैं। एफपीआई ने एक अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच इक्विटी से 58,711 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की।

विश्लेषण : हवाई किराए में 25% तक की कमी 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक कई रूट पर किराया ट्रेन से भी कम

दीपावली पर अपने घर जाना होगा ज्यादा सुखद

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

दीपावली की छुट्टियों में घर जाने वालों के लिए राहत की खबर है। कई रूट पर हवाई किराए में पिछले साल की तुलना में 20 से 25 फीसदी तक की गिरावट आई है। यह गिरावट घरेलू मार्गों के लिए है। जानकारों के अनुसार किराए में यह कमी यात्रियों की बढ़ती क्षमता और तेल की कीमतों में आई कमी के कारण हुई है। कई रूट पर हवाई किराया ट्रेन के किराए से भी कम है। ट्रैवल पोर्टल आईएक्सआईगो की ओर से किए गए विश्लेषण से पता चला है कि घरेलू मार्गों पर औसत हवाई किराए में 20-25 फीसदी की गिरावट आई है। ये कीमतें 30 दिनों के एपीडी (अग्रिम खरीद तिथि) के आधार पर एकतरफा औसत किराए के लिए हैं। साल 2023 के लिए समय अवधि 10-16 नवंबर है जबकि इस साल यह 28 अक्टूबर से 3 नवंबर है। यह दीपावली के आसपास का समय है। ट्रेवल विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले साल दीपावली के आसपास हवाई सीटों की सीमित क्षमता के कारण हवाई किराए में उछाल आया था।



बेंगलुरू-कोलकाता के किराए में सबसे ज्यादा गिरावट

विश्लेषण के अनुसार इस साल बेंगलुरू-कोलकाता उड़ान के लिए औसत हवाई किराए में सबसे अधिक 38 फीसदी की गिरावट आई है। इस रूट के लिए पिछले साल किराया 10,195 रुपए जो इस बार घटकर 6,319 रुपए रह गया है। वहीं चेन्नई-कोलकाता मार्ग पर टिकट की कीमत 8,725 रुपए से 36 फीसदी घटकर 5,604 रुपए रह गई है। मुंबई-दिल्ली उड़ान के लिए औसत हवाई किराया 8,788 रुपए से 34 फीसदी घटकर 5,762 रुपए रह गया है। इसी तरह, दिल्ली-उदयपुर मार्ग पर टिकट की कीमतों में 34 फीसदी की कमी आई है, जो 11,296 रुपए से घटकर 7,469 रुपए रह गई है। दिल्ली-कोलकाता, हैदराबाद-दिल्ली और दिल्ली-श्रीनगर मार्गों पर टिकट की कीमतों में 32 फीसदी की गिरावट आई है।

ब्रीफ खबरें

टेक्सास में युवा क्रिकेटरों को गुर सिखाएंगे सचिन तेंदुलकर



ह्स्टन (अमेरिका)। भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है। तेंदुलकर ने कहा कि क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। उन्होंने कहा कि इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

सिनर ने जीता शंघाई मास्टर्स खिताब, नोवाक जोकोविच हारे



शंघाई। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाए, जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाए हैं। कोनोर्स ने 109 और फेडरर ने 103 खिताब जीते हैं।

सूरमा हॉकी क्लब ने सरदार सिंह को बनाया अपना मेंटॉर



नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) फ्रेंचाइजी सूरमा हॉकी क्लब ने रविवार को पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह और रानी रामपाल को क्रमश: अपनी पुरुष और महिला टीमों का मेंटर (मार्गदर्शक) बनाया। पुरुषों की टीम में सरदार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कोच जेरोन बार्ट, विश्लेषणात्मक कोच माइकल कॉस्मा और तकनीकी सलाहकार अर्जुन हलप्पा भी होंगे। पंजाब और हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाला सूरमा हॉकी क्लब यहां एचआईएल नीलामी में पुरुष टीम के खिलाड़ियों की बोली लगाने के लिए तैयार है। महिला खिलाड़ियों की नीलामी मंगलवार को होगी।

सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से



नई दिल्ली। चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर तक खेला जाएगा। लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जो 18 अक्टूबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 20 को, जबकि फाइनल 21 को खेले जाएंगे। पूल ए में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, जबकि पूल बी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी हॉकी अकादमी शामिल हैं।

महेला जयवर्धने फिर से बने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच



मुंबई। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी से पहले बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। जयवर्धने 2017-2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ इसी भूमिका में जुड़े हुए थे। फ्रेंचाइजी ने 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था। जयवर्धने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर की जगह लेंगे, जो दो साल तक मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे। मुंबई इंडियंस ने 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया।

ओपन शतरंज टूर्नामेंट में श्रद्धा पाडवेकर ने कीर्ति को हराया

मुंबई। श्रद्धा पाडवेकर (तीन अंक) ने रविवार को यहां अखिल भारतीय फिडे रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में महिला कैंडिडेट मास्टर कीर्ति पटेल (दो अंक) को हराया। श्रद्धा (1588 रेटिंग) ने छठे बोर्ड पर कीर्ति (1829) के खिलाफ 63 चाल में जीत दर्ज की। दिल्ली के एरेना अंतरराष्ट्रीय मास्टर सेकत नाथ (दो अंक) ने मुंबई के अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी (दो अंक) को कड़े संघर्ष में हराया।

महिला टी-20 विश्वकप : भारत की सेमीफाइनल की उम्मीद घटी, हरमनप्रीत का अर्धशतक

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . शारजाह

महिला टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई। भारतीय टीम 4 में से 2 ही मैच जीत सकी। अब अगर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दिया, तभी टीम इंडिया सेमीफाइनल खेल पाएगी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 151 रन बनाए। टीम से ताहलिया मैक्ग्रा ने 40 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 9 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 47 गेंद पर 54 रन बनाए, शेष बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया से एनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलेनिक्स ने 2-2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने यहां आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के ग्रुप ए मैच में भारत के खिलाफ आठ विकेट पर



151 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रही। कार्यवाहक कप्तान तहलिया मैकग्रा और एलिसे पैरी ने 32-32 रन बनाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को तीसरे ही ओवर में दो झटके मिले। भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने तीसरे ओवर में लगातार ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट झटककर अच्छी शुरुआत कराई।

अंत में भारत ने गंवाए 4 विकेट

आखिरी ओवर में भारत 14 रन चाहिए थे, टीम 6 गेंद पर 4 ही रन बना सकी और 4 विकेट गंवा दिए। 20वें की दूसरी गेंद पर पूजा वस्त्राकर को एनाबेल सदरलैंड ने बोल्ड किया। तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी रनआउट हो गई। पांचवीं बॉल वाइड रही, इस पर श्रेयांका पाटिल रनआउट हो गई। अगली बॉल पर राधा यादव पगबाधा आउट हुई। वस्त्राकर ने 9 रन बनाए, जबकि बाकी 3 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सकी। वहीं एनाबेल सदरलैंड ने 2 विकेट लिए, जबकि 2 बल्लेबाज रनआउट हुई। भारत 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 142 रन ही बना सका और 9 रन से मुकाबला गंवा दिया।

इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 विकेट से रौंदा

शारजाह। इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को यहां महिला टी-20 विश्व कप में स्कॉटलैंड को 10 विकेट से रौंद दिया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की संभावनाओं को मजबूत किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी। इसके जवाब में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचियर और डैनी वाट हॉज ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ने महज 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर कर टीम का नेट रन रेट भी बढ़ा दिया। बाउचियर ने पारी की शुरुआत में कई बाउंड्री लगाई और शुरुआत में ही उन्हें जीवनदान भी मिला। वह 34 गेंद पर 62 रन बनाकर नाबाद रहीं जबकि वाट हॉज 26 गेंद में 51



रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन (चार ओवर में 13 रन देकर दो विकेट) दिन की सबसे सफल गेंदबाज रही।

स्कॉटलैंड के लिए सारा ब्रायस (27 रन) और कैथरीन ब्रायस (33 रन) ने भी अच्छा योगदान दिया। लेकिन टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली इन दोनों का प्रदर्शन टीम के काफी नहीं रहा। मैच शुरू होने से पहले इंग्लैंड की टीम तालिका में तीसरे स्थान पर थी।

भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीते कुल 3 पदक

महिला युगल को ऐतिहासिक सफलता

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . अस्ताना (कजाकिस्तान)

भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रविवार को यहां अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई। भारतीय जोड़ी को इस तरह से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह पहला अवसर है जब



भारत ने महिला युगल में पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को हराकर पदक पक्का किया था।

पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई, लेकिन अंतिम चार में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। ठक्कर को हांगकांग के बाल्डविन चान से से, जबकि मानुष को चीनी ताइपे के लिन युन जू से एक कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

टीम स्पर्धा में मिला कांस्य

भारतीय महिला टीम ने इससे पहले टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गई थी, लेकिन कांस्य पदक पक्का कर लिया था। यह प्रतियोगिता 1972 में शुरू हुई थी, जिसके बाद यह पहला मौका था जब भारत ने महिला टीम स्पर्धा में पदक जीता।

रणजी ट्रॉफी : जयदेव को 6 विकेट

तमिलनाडु ने कसा सौराष्ट्र पर शिकंजा



जागो इंडिया जागो
एजेंसी . कोयंबटूर

चेतेश्वर पुजारा केवल छह गेंद खेलने के बाद शून्य पर आउट हो गए, जिससे सौराष्ट्र की टीम रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में दूसरी पारी में पांच विकेट पर 35 रन गंवाकर जूझते हुए तमिलाडु से 129 रन से पिछड़ गई। सत्र के पहले मैच के तीसरे दिन तमिलनाडु के बायें हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने सौराष्ट्र के खिलाफ तूफानी गेंदबाजी करते हुए नौ ओवर में पांच मेडन से सात रन देकर चार विकेट झटक लिए, जिससे मेहमान टीम स्टंप तक जूझ रही थी। तमिलनाडु ने सौराष्ट्र के पहली पारी में 203 रन के जवाब में 367 रन बनाकर 164 रन की बढ़त हासिल की। तमिलनाडु ने तीन विकेट पर 278 रन से आगे खेलना शुरू किया। जयदेव उनादकट ने 24 ओवर में 61 रन देकर छह विकेट चटकाए। गुरजपनीत ने पुजारा को शिकार बनाया, जिन्होंने पहली पारी में 16 रन बनाए थे।

वहीं चंडीगढ़ में रेलवे ने मेजबान टीम को 181 रन से हरा दिया। मेजबान टीम 341 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 40.2 ओवरों में 159 रन पर ढेर हो गई। आकाश पांडे ने 46 रन देकर चार जबकि कर्ण शर्मा ने तीन और हिमांशु सांगवान ने दो विकेट झटके। अर्सलान खान (46) और अंकित कौशिक (45) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज संघर्ष नहीं कर सका, जिससे चंडीगढ़ की टीम हार गई।

एक अन्य मैच में दिल्ली ने पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की थी, लेकिन छत्तीसगढ़ ने तीसरे दिन स्टंप तक बिना किसी नुकसान के 33 रन बनाये जिससे उसने 19 रन की बढ़त बनाई। कप्तान हिम्मत सिंह के 65 रन और जोंटी सिद्धू ने नाबाद 103 रन (11 चौके, दो छक्के) की बदौलत दिल्ली ने बढ़त बनाई।

गुवाहाटी में मेजबान असम ने फॉलो ऑन खेलते हुए तीन विकेट पर 130 रन बना लिए, जिससे वह अब भी 51 रन से पीछे है। वहीं झारखंड के पहली पारी के 361 रन के जवाब में असम की टीम महज 180 रन पर सिमट गई थी।

घुड़सवारी में भारत ने हासिल किए दो पदक

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . बेंगलुरु

भारतीय घुड़सवार सूर्या आदित्य और अविक भाटिया ने रविवार को यहां एईएफ कप सीएसआईवाई-बी प्रतियोगिता में क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए, जबकि ईरान के यजदान मोल्लाफजल ने पहला स्थान हासिल किया। शनिवार को पहले दौर में रजत पदक जीतने वाले सूर्या ने अपनी फॉर्म जारी रखते हुए प्रतियोगिता में समग्र रजत हासिल किया। वहीं 16 वर्षीय अविक ने पहले दौर में आठवें स्थान पर रहने के बाद दूसरे दौर में रजत जीतकर शानदार वापसी की, जबकि दूसरे दौर में



प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें समग्र तालिका में कांस्य हासिल करने में मदद मिली। अविक ने 86.43 सेकेंड में क्लीन जंप लगाई। यजदान मोल्लाफजल ने 60.32 सेकंड का समय निकाला।

वाशिंगटन ने 'इम्पैक्ट फील्डर' पुरस्कार जीता

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . हैदराबाद

भारत के युवा ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी-20 श्रृंखला में शानदार क्षेत्ररक्षण करने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का "इम्पैक्ट फील्डर' पुरस्कार हासिल किया। वाशिंगटन ने इस पुरस्कार की दौड़ में हार्दिक पांड्या और रियान पराग को पीछे छोड़ा। भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप ने वाशिंगटन के क्षेत्ररक्षण में उत्कृष्ट सुधार की सराहना की और कहा कि वह क्षेत्ररक्षण करते समय एक अलग तरह के खिलाड़ी नजर आए। भारत ने संजू सैमसन



के बेहतरीन शतक की मदद से बांग्लादेश को तीसरे मैच में 133 रन से हराकर टी20 श्रृंखला 3-0 से जीती और इस तरह से टेस्ट और टी-20 श्रृंखला में 5-0 से क्लीनस्वीप किया।

आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल: पेरिस ओलंपिक के बाद मेजबान की 23 सदस्यीय टीम से पदक की उम्मीद

स्वदेश में लय बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के पदक विजेताओं की अनुपस्थिति के बावजूद भारत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्रांत आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल में भाग लेगा तो मेजबान की 23 सदस्यीय टीम में शामिल रिदम सांगवान जैसे खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद होगी। पेरिस ओलंपिक के पदक विजेता स्वतः ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करते, लेकिन कांस्य पदक जीतने वाले मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने डॉ. कर्णी सिंह रेंज में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने का विकल्प चुना है। रिदम के अलावा गनीमत सेखों (महिला स्कीट) और



सोनम मस्कर (महिला 10 मीटर एयर राइफल) जैसी उभरती हुईं निशानेबाज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे, जिन्हें विश्व रैंकिंग के आधार पर टूर्नामेंट में जगह मिली है।

भारतीय टीम में अर्जुन बबूता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) और अनीष भानवाला (पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल) सहित नौ ऐसे निशानेबाज हैं, जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था। रिदम महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल दोनों स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। टीम में शामिल अन्य ओलंपियन मेइराज अहमद खान (पुरुष स्कीट), दिव्यांश सिंह पंवार (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) और चैन सिंह है।

पहले होगी एयर राइफल स्पर्धा

विश्व कप फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए अर्जुन सिंह चीमा (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल), विजयवीर सिद् (पुरुषों की 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल), अनंतजीत सिंह नरुका (पुरुषों की स्कीट), महेश्वरी चौहान (महिला स्कीट), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप) और श्रेयसी सिंह (महिला ट्रैप) भी तैयार हैं। इन सभी निशानेबाजों ने पेरिस खेलों में हिस्सा लिया था। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों के बीच होने वाले आईएसएसएफ के सत्रांत टूर्नामेंट के तीनों दिन चार फाइनल मुकाबले होंगे। मेजबान देश के मानदंडों के कारण प्रत्येक 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में कम से कम दो भारतीय निशानेबाज हिस्सा लेंगे। मंगलवार को मुकाबले शुरू होंगे, जिसमें महिला एयर राइफल स्पर्धा का फाइनल सबसे पहले होगा।

करण जौहर के मूर्ख कहने पर दिव्या खोसला ने दिया जवाब

बेशर्मी से आप दूसरों की चीजें चुरा लेते हैं

आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' ने 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी। फिल्म को लेकर फैंस की काफी उम्मीदें थीं, लेकिन कमजोर कहानी ने उनका दिल तोड़ दिया। कम से कम जिगरा फिल्म के कलेक्शन तो यही बयां कर रहे हैं। इस बीच जब से फिल्म रिलीज हुई है, तब से दिव्या खोसला ने आलिया भट्ट और प्रोड्यूसर करण जौहर पर आरोप पर आरोप लगाए हैं।

हाल ही में दिव्या ने एक थिएटर की फोटो पोस्ट कर आलिया भट्ट पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि जिगरा मूवी के लिए थिएटर पूरी तरह से खाली है। दिव्या ने पोस्ट कर कहा था, 'जिगरा देखने सिटी मॉल पीवीआर गई। थियेटर पूरी तरह खाली था। सभी थियेटर खाली पड़े हैं। आलिया भट्ट में सच में बहुत जिगरा है। खुद ही टिकटें खरीदी और फेक कलेक्शन अनाउंस कर दिया।'

'जिगरा' प्रोड्यूसर के इतना कहने के बाद अब दिव्या खोसला ने एक और पोस्ट से करारा जवाब दिया है। उन्होंने मेकर्स पर जिगरा फिल्म की कहानी को 'सावी' से कॉपी करने का आरोप लगाया है। दिव्या ने एक अन्य पोस्ट शेयर कर लिखा, 'जब आप बेशर्मी से उस चीज को चुराते हैं, जो दूसरों की है, तो आप उस सिचुएशन में चुप ही रह सकते हैं। आपकी खुद की कोई आवाज और रीढ़ की हड्डी नहीं होती।'

कंगना रनौत ने भी किया था कटाक्ष

इसके पहले कंगना रनौत ने करण जौहर पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा, 'जब आप महिला प्रधान फिल्में बनाते हैं और पक्का करते हैं कि वह न चलें, तो वह नहीं चलतीं।' अब दिव्या खोसला ने मेकर्स पर उनकी फिल्म सावी का कॉन्सेप्ट चुराने का आरोप लगाया है। 'सावी' फिल्म सावित्री नाम की महिला की कहानी है, जो मर्डर के झूठे आरोप में फंसे अपने पति को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देती है। कुछ इसी तरह की ही कहानी जिगरा में प्रदर्शित की गई है।



पिता को धोखा देने का आलिया पर लगाया आरोप



आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर 'जिगरा' 9 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और फिल्म का क्रेज सोशल मीडिया पर अगले लेवल पर था। कुछ को छोड़कर, फिल्म को समीक्षकों से बेहतरीन समीक्षा मिली और आलिया भट्ट और उनकी टीम की रिपोर्ट के अनुसार, 'जिगरा' बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लेकिन केआरके यानी कमाल आर खान ने आलिया भट्ट पर अपने चाचा मुकेश भट्ट को धोखा देने का भी आरोप लगाया।

केकेआर ने कहा आलिया भट्ट ने चाचा के बारे में नहीं सोचा। 4 करोड़ का निवेश करते हुए उन्होंने प्रोजेक्ट करण जौहर को सौंप दिया और पति-पत्नी की कहानी को बहन और भाई की कहानी में बदलकर कहानी में थोड़ा बदलाव किया। जब पति-पत्नी के कॉन्सेप्ट को बदलकर भाई-बहन की फिल्म का ऐलान किया तो तब मुकेश सावी की शूटिंग कर रहे थे।

राज ने मांगी माफी, 'स्त्री' के डायलॉग का किया इस्तेमाल



विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' बॉक्स ऑफिस पर जैसा भी परफॉर्म कर रही हो लेकिन इसके डायरेक्टर को एक चीज के लिए माफी मांगनी पड़ गई। राज शांडिल्य ने एक बयान जारी किया है और उसमें मैडॉक फिल्म्स से अपनी मूवी में 'स्त्री' के किरदार और डायलॉग का बिना इजाजत इस्तेमाल करने के लिए माफी मांगी है। साथ ही मूवी से उस हिस्से को भी हटाने की बात कही है।

राज शांडिल्य ने पोस्ट में लिखा, 'मैं राज शांडिल्य, फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का डायरेक्टर अपनी ओर से और सुपर कैसेट्स इंडिया लिमिटेड, बालाजी मोशन पिक्चर्स और फिल्म के निर्माता वकाओ फिल्म्स की ओर से, मैडॉक फिल्म्स की फ्रेंचाइजी स्त्री के कैरेक्टर और डायलॉग्स फिल्म में बिना इजाज के इस्तेमाल करने के लिए लिए ईमानदारी से और बिना शर्त माफी मांगता हूं।

मां बनने पर ऑफर कम हो जाते हैं, यह बहुत दुखद, बोलीं तारा शर्मा

मस्ती 'पेज 3' समेत कई फिल्मों का हिस्सा रहीं तारा शर्मा फिलहाल पैरेंटिंग पर आधारित 'द तारा शर्मा शो' कर रही हैं। हालांकि, मां बनने के बाद से ही वह फिल्मों में बहुत ज्यादा एक्टिव नहीं हैं।

मां बनने के बाद से तारा शर्मा बड़े पर्दे पर बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रही हैं। हालांकि तारा अभिनीत फिल्म 'खोसला का घोसला' 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दोबारा प्रदर्शित हो रही है। 'द आर्चीज' फिल्म में छोटे से रोल में दिखी तारा कहती हैं, "मां बनने के बाद मैं अपने बच्चों के साथ समय बिताते हुए काम करना चाहती थी, तो मैंने सोचा कि मैं खुद का शो बनाती हूं। मैं स्क्रीन पर तो थी, लेकिन बड़े पर्दे से अलग स्क्रीन पर थी। जब 'द आर्चीज' के ऑडिशन के लिए मुझे बुलाया, तो मैंने सोचा कि मुझे वेरोनिका या बेटी का रोल ऑफर करेंगे। जब उन्होंने कहा कि मां का रोल है, तो मैं हैरान रह गई। जोया (अख्तर) से इस बात को कहकर मैं खूब हंसी भी। मैं समझती हूं कि उम्र बढ़ती है, लेकिन अगर आप भीतर से युवा महसूस करते हैं, तो ऐसा हो जाता है।

तारा ने कहा कि अगर आप सुपरस्टार नहीं हैं, ऊपर से एक औरत हैं और मां बन चुकी हैं, तो ऑफर्स कम हो जाते हैं। यह दुखद है। ऐसा नहीं है कि मैं अपने बच्चों को छोड़कर काम मांगने के लिए नहीं जा सकती थी, लेकिन मैं अपना ज्यादा समय उन्हें देना चाहती थी। पापा कहते थे कि बैठकर प्रतीक्षा मत करो कि कोई तुम्हें ऑफर देगा, अगर तुम्हें कुछ करना है, तो खुद क्रिएट करो। मैं हमेशा कहती हूं कि यह अच्छा पेशा है, लेकिन निर्भर न रहें।



यूथ पावर

"प्रेम चतुर लोगों के लिए नहीं है। वह तो शिशु के समान सरल हृदय लोगों के लिए ही होता है। - **जयशंकर प्रसाद,** प्रसिद्ध साहित्यकार



मैं हमेशा कठिन परिस्थितियों में खेलना पसंद करता हूं। जहां चुनौती हो और कुछ अलग हटकर माहौल हो। —**रोहित शर्मा,** भारतीय क्रिकेटर

गरीब बच्चों को सरकारी नौकरी से जुड़ी परीक्षाओं के लिए फ्री कोचिंग दे रहे हैं

महज 5 घंटे की नींद, घर की छत और 10000 स्टूडेंट्स, अनूठे हैं अजय ग्रेवाल

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली से सटा हरियाणा का बहादुरगढ़। इसी बहादुरगढ़ में एक दो मंजिला मकान की छत पर हर दिन छात्र जमा होते हैं। छात्रों की संख्या लगभग 100। छत के हर इंच पर गद्दे बिछाकर बैठे इन छात्रों की नजर दीवार पर लगे व्हाइटबोर्ड पर टिकी होती है। बोर्ड पर काले मार्कर से एक शख्स इन छात्रों को गणित से लेकर सामान्य ज्ञान तक की तैयारी कराता है। एक बैच खत्म होने के बाद दूसरा बैच शुरू होता है और छत वाली पाठशाला का ये सिलसिला सुबह के तीन बजे तक चलता है।

दिन के 24 घंटों में से महज पांच घंटे की नींद और अपनी ड्यूटी के समय को हटाकर बाकी वक्त इन छात्रों की तैयारी के लिए देने वाले इस शख्स का नाम है अजय ग्रेवाल। बहादुरगढ़ के रहने वाले अजय दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल हैं। अजय पिछले सात सालों से अपने घर की छत पर इसी तरह गरीब घरों के बच्चों को सरकारी नौकरी से जुड़ी परीक्षाओं के लिए फ्री कोचिंग दे रहे हैं।

घर की छत से चलने वाली इस पाठशाला का नाम है 'विद्यान महादान कोचिंग सेंटर'। अजय अपनी पाठशाला में हर दिन लगभग 10 हजार स्टूडेंट्स को पढ़ाते हैं। अजय पहले खुद यूपीएससी की तैयारी करते थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इस दौरान उन्हें जो अनुभव व नॉलेज मिली, उसे वो जरूरतमंदों को शेयर कर रहे हैं।



अखाड़े की मिट्टी से शुरू हुआ सफर

34 वर्षीय ग्रेवाल अपने इस निशुल्क कोचिंग को साल 2016 से चला रहे हैं। यहां वे हर दिन लगभग सात घंटे सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, गणित, अंग्रेजी और हिंदी जैसे विषयों को पढ़ाते हैं। अजय बताते हैं कि हरियाणा में रहते हुए उनका रुझान कुश्ती में बहुत था। उनके पिता भी दिल्ली पुलिस से रिटायर हैं और उन्होंने घर के पास एक अखाड़ा बनाया हुआ है। अजय इसी अखाड़े में कुश्ती के दांव पेच सीखते थे।इस दौरान अजय ने कुछ स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भी भाग लिया। 2009 में दिल्ली पुलिस में शामिल होने के बाद भी उन्होंने कुश्ती जारी रखी। कुश्ती की वजह से उन्हें दिल्ली पुलिस की शारीरिक परीक्षा पास करने में मदद मिली।

एक छात्र से शुरुआत, बढ़ता गया कारवां

अजय ने साल 2015 से लेकर 2020 तक हर साल परीक्षा दी लेकिन मेरिट लिस्ट में जगह नहीं बना पाए। 2016 में मेंस परीक्षा पास कर वो इंटरव्यू के राउंड तक भी पहुंचे, लेकिन सेलेक्शन नहीं हो पाया। अपनी तैयारी के दौरान, 2016 में महसूस किया कि उनके आस-पड़ोस के कई बच्चे सरकारी नौकरियों की ख्वाहिश रखते हैं, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उन्हें कोचिंग नहीं मिल पाती। अजय ने इसी मोड़ पर सोचा कि इनमें से कुछ छात्रों को कोचिंग देकर वह अपनी नॉलेज को निखार सकते हैं।

विद्यादान महादान का महत्व सिखा रहे नई पीढ़ी को

अजय इस समय राजधानी के झड़ौदा कलां में दिल्ली पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात हैं। उनकी कक्षाएं शाम 6 बजे शुरू होती हैं। सुरक्षा के नजरिए से लड़कियां रात 10:30 बजे चली जाती हैं, जबकि लड़के सुबह 3 बजे तक पढ़ते रहते हैं। छात्रों को अपनी छत पर पढ़ाने के अलावा अजय मोबाइल फोन के जरिए अपने यूट्यूब चैनल पर कक्षा का सीधा प्रसारण भी करते हैं। उनके चैनल 'विद्यान महादान' के 6 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। अजय के यूट्यूब चैनल पर अलग-अलग सरकारी परीक्षाओं के लिए कोचिंग से जुड़े 500 से ज्यादा वीडियो हैं।

जॉब्स न्यूज

जॉब अलर्ट, एसएससी जीडी भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट आज, करें अप्लाई

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली



एसएससी की ओर से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और एसएसएफ में कांस्टेबल (जीडी), असम राइफल्स में राइफलमैन (जीडी), और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में कॉन्स्टेबल के 39481 पदों भर्ती चल रही है जिसमें शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट सोमवार तक निर्धारित है। ऐसे में जो अभ्यर्थी 10वीं कक्षा उत्तीर्ण है और सरकारी फोर्स में नौकरी पाना चाहते हैं वे बिना देरी करते हुए तुरंत ही फॉर्म भर भर लें। कल के बाद भर्ती में शामिल होने का मौका नहीं मिलेगा।

कहां और कैसे भर सकेंगे फॉर्म

इस भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरा जा सकता है। अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे एप्लीकेशन फॉर्म ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर या इस पेज पर दिए गए डायरेक्ट लिंक से भरा जा सकता है। अभ्यर्थी स्वयं भी यहां दी जा रही स्टेप्स को फॉलो करके फॉर्म भर सकते हैं, इससे आप कैफे के अतिरिक्त चार्ज से बच सकते हैं।

आवेदन से पूर्व चेक करें पात्रता

इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं/ मैट्रिक उत्तीर्ण होना जरूरी है। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 23 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को ऊपरी आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी गई है। आयु की गणना 1 जनवरी 2025 को ध्यान में रखकर जाएगी।

आवेदन की स्टेप्स

एसएससी जीडी एप्लीकेशन फॉर्म 2024 भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं। वेबसाइट के होम पेज पर आपको अप्लाई के लिंक पर क्लिक करें। अब नए पेज पर रजिस्टर नाओ पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरें और पंजीकरण कर लें। इसके बाद लॉगिन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। अंत में उम्मीदवार तय शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें।

आवेदन शुल्क

इस भर्ती में आवेदन के साथ केवल जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के ही उम्मीदवारों को शुल्क जमा करना होगा। इस श्रेणी के अभ्यर्थियों को 100 रुपये ऑनलाइन माध्यम से जमा करने होंगे। इसके अलावा एससी, एसटी एवं महिला वर्ग से आने वाले अभ्यर्थी निशुल्क एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं।

डीओबी को लेकर सबसे सख्त नियम, नाम में हुई गलती को दो बार सुधारने का ही होता है अवसर

आधार में कौन-सी जानकारी कितनी बार होती अपडेट

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

आधार कार्ड सरकार द्वारा जारी किया जाने वाला सबसे जरूरी डॉक्युमेंट है। वगैर इसके सरकारी और गैरसरकारी किसी भी योजना का लाभ तो दूर आप सिम कार्ड भी नहीं खरीद सकते। आधार कार्ड में सारी जानकारी सही से अपडेट होना भी बहुत जरूरी है। इसमें नाम से लेकर एड्रेस तक, सब डिटेल सही होनी चाहिए। लेकिन, बहुत से लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है। क्योंकि, जब वह पहली बार आधार कार्ड बनवाते हैं तो उसमें अनजाने में कई गलतियां हो जाती हैं। इन्हें ठीक करवाने के लिए भी खूब मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में बहुत लोगों के जेहन में सवाल होता है कि आधार कार्ड में कौन-सी जानकारी कितनी बार अपडेट करवाई जा सकती है। आधार कार्ड में नाम बदलवाने को लेकर क्या नियम है?



कितनी बार बनता है आधार कार्ड?

कार्ड पर 12 अंकों का एक यूनीक नंबर होता है। जिसे सिर्फ एक बार ही नागरिक के लिए जारी किया जाता है। एक बार अगर आपके फिंगरप्रिंट और आंखों के रेटिना पर आधार कार्ड बन गया तो आप दोबारा कभी आधार कार्ड नहीं बनवा सकते। पहली बार में उसमें कुछ गलती हो जाती है तो उसे लिमिट के हिसाब से बदलवाने का मौका जरूर मिलता है।

नाम को लेकर क्या है नियम

यूआईडीएआई के मुताबिक, नाम में हुई गलती को दो बार सुधारने का मौका मिलता है। आधार कार्ड में नाम बदलवाने के लिए जरूरी दस्तावेज चाहिए होते हैं। आधार कार्ड में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह से नाम चेंज करवाया जा सकता है।

डीओबी एक बार बार बदलवा सकते हैं

डेट ऑफ बर्थ को लेकर यूआईडीएआई ने सबसे सख्त नियम बनाया है। सिर्फ एक बार ही आधार कार्ड में डेट ऑफ बर्थ में सुधार करने का मौका मिलता है। एक बार डीओबी में चेंज करवा लेते हैं तो उसके बाद भी गलती रह जाती है तो इसको बदलवाने में बहुत दिक्कत होती है।





सिंदूरखेला के साथ दुर्गापूजा संपन्न, मां को दी विदाई

देशभर में रविवार को 'सिंदूर खेला उत्सव के साथ दुर्गापूजा का समापन हो गया। पूजा पंडालों में बंगाली समुदाय की महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर धूमधाम से उत्सव मनाया और समापन पर नम आंखों से मां को विदाई गई। मां दुर्गा की प्रतिमा को सिंदूर चढ़ाया गया। उन्हें दही, चीनी, मिष्ठान व चूड़ा अर्पित किया गया। कहीं ढाक बजाकर महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया तो कहीं महिलाओं ने उत्सव के समापन पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। बंगाली समुदाय में दुर्गा पूजा के दशमी मे प्रातः घट विसर्जन के समय सिंदूर खेला की पौराणिक परंपरा है। इस सिंदूर खेला मे सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर उनके सुहाग के लंबी आयु की मनोकामना करती है।

ब्रीफ खबरें

राष्ट्रपति मुर्मू अफ्रीका के तीन देशों की ऐतिहासिक यात्रा पर रवाना



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की अपनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुईं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की एक साथ तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने के निमंत्रण पर रविवार को अल्जीरिया पहुंचीं। वह इस अफ्रीकी देश में 15 अक्टूबर तक रहेंगी। इस यात्रा से भारत और अल्जीरिया के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देश तेल, गैस, रक्षा एवं अंतरिक्ष सहयोग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में और नजदीक आएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की इस यात्रा में द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्टूबर तक तीन अफ्रीकी देशों अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा पर रहेंगी।

ईवीएम पर उठे सवालों का जवाब दे ईसी: सिब्बल



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को हाल में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में ईवीएम के बारे में कांग्रेस के उठाए सवालों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। मेरा मानना है कि चुनावों में ईवीएम का दुरुपयोग होता है। बता दें कि कांग्रेस ने 11 अक्टूबर को चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए और शिकायतें सौंपी थीं।

जर्मनी में मिला सेकंड वर्ल्ड वॉर का बम



हैम्बर्ग। जर्मनी के हैम्बर्ग प्रांत में सेकंड वर्ल्ड वॉर के समय का बम मिला। बम की सूचना मिलने के बाद 300 मीटर के दायरे में रहने वाले करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा पुलिस ने इलाके के रेस्तरां और बार भी बंद करा दिए थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एक प्राइमरी स्कूल के कंस्ट्रक्शन के दौरान ये मिला था। अधिकारियों ने बताया कि बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया गया।

कोलकाता केस: अनशन पर बैठे एक और डॉक्टर की हालत गंभीर



कोलकाता। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में 5 अक्टूबर से अनशन पर बैठे ट्रेनी डॉक्टरों में से 1 और डॉक्टर की हालत क्रिटिकल हो गई। हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों ने बताया कि उनके साथी डॉ. अनुस्तुप मुखर्जी को शनिवार देर रात गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। प्रोटेस्ट कर रहे एक डॉक्टर ने बताया कि मुखर्जी के स्टूल से खून आ रहा था। उन्हें पेट में तेज दर्द की भी शिकायत थी। 3 डॉक्टरों की हालत बिगड़ने के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि सरकार हमारी सभी मांगें नहीं मान रही है। वहीं, पश्चिम बंगाल के कल्याणी जेएनएम अस्पताल के 77 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी। डॉक्टरों ने ईमेल भेजकर बंगाल हेल्थ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार को जानकारी दी कि वे 14 अक्टूबर से काम बंद करने वाले हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वे मानसिक रूप से परेशान हैं और ऐसे हालात में काम नहीं कर सकते हैं।

अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और बीजेपी पर बोला हमला, कहा-

जम्मू-कश्मीर को भी दिल्ली की तरह आधा राज्य बनाया

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . श्रीनगर

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जम्मू-कश्मीर के डोडा में पार्टी के उम्मीदवार की विधानसभा चुनाव में जीत पर धन्यवाद रैली की। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली से आप लोगों का शुक्रिया अदा करने आया हूं। आप लोगों ने ऐतिहासिक काम किया है। आपने नई किस्म की राजनीति का बीज बोया है।

केजरीवाल ने उमर अब्दुल्ला को नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत की बधाई दी और कहा कि जम्मू-कश्मीर को भी दिल्ली की तरह आधा राज्य बना दिया गया। सारी पावर एलजी को दे दी गई। मैं उमर अब्दुल्ला को कहना चाहूंगा कि काम करने में कोई अड़चन आए तो मुझसे पूछ लेना, मुझे दिल्ली चलानी आती है। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं केजरीवाल फ्री की रेवड़ी दे रहा है, लेकिन केजरीवाल पुण्य कमा रहा है। मरने के बाद यही काम आएगा। आप अपने एक दोस्त की सेवा करते हो, मैं 3 करोड़ लोगों की सेवा करता हूं।



बाबा सिद्दीकी की हत्या पर भी दी प्रतिक्रिया

केजरीवाल ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जिस तरह से कानून व्यवस्था चरमरा गई है, वह बेहद दुखद है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर बोलते हुए कहा कि हमें यह देखकर बेहद दुख हुआ कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था किस तरह से चरमरा गई है। महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि दिल्ली में भी अपराध बढ़ गए हैं। हम चाहते हैं कि अपराध पर लगाम लगे और लोगों को सुरक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि इस घटना से महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोग डरे हुए हैं।

हमारी पार्टी करती है देश और राष्ट्र की बात

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि हमें हुक्मरानों को जवाब देना है कि सरकार का मतलब गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार नहीं है। सरकार का मतलब काम, सेवा है। सरकार का मतलब जनता की जिंदगी में बदलाव और तरक्की है। अभी तक आपने कई सारी पार्टियां देखी। कोई एक पार्टी बता दो जो कहता हो कि मुझे वोट दे दो मैं अच्छे स्कूल बना दूंगा, अस्पताल बनवा दूंगा। ये अकेली पार्टी है जो कहती है हम आपके बच्चों का भविष्य बनाने का काम करेंगे। ये देश और राष्ट्र की बात करती है। इसलिए ये पार्टी दूसरों से अलग है।

मुडा स्कैम की जांच के बीच फैसला

खड़गे ने लौटाई कर्नाटक सरकार को अपनी जमीन

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . बेंगलुरु

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार ने कर्नाटक सरकार को पांच एकड़ जमीन लौटाने का फैसला किया है, जो खड़गे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को दी गई थी। खड़गे ने यह कदम मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) स्कैम की जांच के बीच उठाया।

यह पांच एकड़ जमीन खड़गे के बेटे राहुल एम खड़गे को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियास डेवलपमेंट बोर्ड की तरफ से बागालुर के हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क में हार्डवेयर सेक्टर में दी गई थी। इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम ने 30 सितंबर को मुडा को 14 प्लॉट वापस करने की बात कही थी। इसे लेकर सिद्धारमैया ने कहा कि मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षड्यंत्र से आहत होकर मेरी पत्नी ने प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है। दरअसल, ईडी ने 30 सितंबर को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इससे पहले मैसूरु लोकायुक्त ने 27 सितंबर को सभी के खिलाफ केस दर्ज किया था। लोकायुक्त ने 1 अक्टूबर से मामले की जांच शुरू कर दी है।



मार्च में दी गई थी खड़गे के बेटे को जमीन

जमीन विवाद की शुरुआत मार्च 2024 में हुई, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन आवंटित की। खड़गे के बेटे राहुल इस ट्रस्ट के अध्यक्ष थे। भाजपा ने इसकी आलोचना की थी। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सरकार पर 'सत्ता का दुरुपयोग' और 'परिवारवाद' का आरोप लगाया। यह पांच एकड़ जमीन सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को अनुसूचित जाति कोटे के तहत आवंटित की गई थी।

पूर्व सांसद नवनीत राणा को मिली गैंगरेप की धमकी

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को धमकी भरा लेटर मिला। लेटर में नवनीत को गैंगरेप की धमकी दी गई है। साथ ही कहा कि उनके घर के सामने गाय को काटा जाएगा। पत्र भेजने वाले ने खुद का नाम आमिर बताया। उसने 10 करोड़ की फिरौती भी मांगी है। साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद भी लिखा। आरोपी ने लेटर में अपना फोन नंबर भी लिखा है। लेटर



में नवनीत राणा को लेकर कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही उनके पति रवि राणा के लिए अभद्र बातें लिखी गईं। रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे ने राजापेठ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

उत्तराखंड में भारत-कजाकिस्तान का संयुक्त सैन्य अभ्यास संपन्न



भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 2024 का 8वां संस्करण आज आधुनिक विदेशी प्रशिक्षण नोड औली में संपन्न हो गया। समापन समारोह में कजाकिस्तान सेना के उप प्रमुख कर्नल डी खमितोव, कजाकिस्तान सेना के दक्षिणी कमान के क्षेत्रीय बल कमांडर कर्नल नुरलान करिबयेव और ब्रिगेडियर उपिंदर पाल सिंह, कमांडर 116 इन्फैंट्री ब्रिगेड ने भाग लिया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने रखी शर्त, कहा-

महायुति सीएम कैंडिडेट बताए, फिर हम ऐलान करेंगे

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुटी हैं। सीएम चेहरे के उम्मीदवारों की भी चर्चा है। इस बीच शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे से जब महाविकास अघाड़ी गठबंधन की तरफ से सीएम चेहरे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह चुनाव एमवीए और महायुति के बीच मुकाबला होगा। पहले महायुति अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताए, फिर हम कैंडिडेट बताएंगे।

वहीं, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एससीपी) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग बदलाव चाहते हैं और उन्हें भरोसा है कि विधानसभा चुनाव के नतीजों में इसका असर दिखेगा। मुंबई में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार ने कहा कि पहले महाराष्ट्र का प्रशासन देश में सबसे अच्छा माना जाता था, लेकिन अब यह कमजोर हो गया है। हम लोगों को मौजूदा सरकार से छुटकारा दिलाना चाहते हैं और मुझे उम्मीद है कि लोग हमारा सपोर्ट करेंगे।



लोग बदलाव के लिए उत्सुक: शरद

जब एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार से सीएम चेहरे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने उद्धव ठाकरे के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जो भी उद्धव ठाकरे ने सीएम चेहरे को लेकर कहा, वह साफ है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना एक धोखा है, जिसके लिए बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। अगर वे योजना के लिए अलग से वित्तीय प्रावधान करते तो योजना का विरोध नहीं होता।

पीएम मोदी ने दी गलत जानकारी

शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंजारा समाज के बारे में गलत जानकारी दी। उन्होंने 'बंजारा विरासत' के उद्घाटन के दौरान दावा किया था कि कांग्रेस और पिछली सरकारों ने बंजारा समाज को कोई अवसर नहीं दिया। शरद पवार ने इस दावे का खंडन करते हुए बताया कि कांग्रेस ने बंजारा समाज को महाराष्ट्र में नेतृत्व के महत्वपूर्ण अवसर दिए हैं।

स्वामी जागो इंडिया जागो के लिए मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रतीक चौवे। RNI. No. HARHIN/2018/77979, हिसार से प्रकाशित समाचार पत्र जागो इंडिया जागो का जयपुर से डिजिटल संस्करण प्रसारित।
सम्पादक : प्रतीक चौवे, फोन : 9888888130, ईमेल- contact@jagoindiajago.news किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार न्यायालय होगा।